शनिवार, 10 मई 2025

**मौसम**

तापमान 40 – 29
आर्द्रता 74%
सूर्योदय: 4:59 सूर्यास्त: 18:07

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

ऑपरेशन सिंदूर


स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, वैशाख शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : स्त्री का प्रेम परिस्थितियों पर निर्भर करता है जबकि पुरुष का प्रेम स्त्री पर।

# जम्मू-कश्मीर से गुजरात तक 26 जगहों पर पाकिस्तान का ड्रोन अटैक

**सेना ने दिया करारा जवाब**





**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान ने भारतीय सीमा में ड्रोन भेजना शुक्रवार को जारी रखा और सेना ने कहा कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला से लेकर गुजरात के भुज तक 26 स्थानों पर ड्रोन देखे गए। सेना ने कहा कि ड्रोन बारामूला, श्रीनगर, अवंतीपोरा, नगरोटा, जम्मू, फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, लालगढ़ जट्टा, जैसलमेर, बाड़मेर, भुज, कुआरबेट और लक्की नाला में देखे गए। इसमें कहा गया है, उत्तर में

## श्रीनगर हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया

बारामूला से लेकर दक्षिण में भुज तक, अंतरराष्ट्रीय सीमा और पाकिस्तान के साथ लगती नियंत्रण रेखा पर 26 स्थानों पर ड्रोन देखे गए हैं। इसमें नागरिक और सैन्य ठिकानों के लिए संभावित खतरा पैदा करने वाले संदिग्ध सशस्त्र ड्रोन भी शामिल हैं। सेना ने कहा, इन स्थानों में बारामूला, श्रीनगर, अवंतीपोरा, नगरोटा, जम्मू, फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, लालगढ़ जट्टा, जैसलमेर, बाड़मेर, भुज, कुआरबेट और लाखी नाला शामिल हैं। एक सैन्य अधिकारी ने कहा, दुर्भाग्य से, एक सशस्त्र ड्रोन ने फिरोजपुर में एक नागरिक क्षेत्र को निशाना बनाया, जिसके परिणामस्वरूप एक स्थानीय परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि स्थिति पर कड़ी और निरंतर नजर रखी जा रही है तथा जहां भी आवश्यक हो, त्वरित कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी ने कहा, नागरिकों, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वालों को घर के अंदर रहने, अनावश्यक आव-ाजाही को सीमित करने और स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी जाती है। हालांकि घबराने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्कता और एहतियात बरतना जरूरी है।

## पाकिस्तान ने 300 से 400 तुर्किये ड्रोन दागे : कर्नल सोफिया

**अपने एयरस्पेस में यात्री विमान उड़ने दिए, ताकि भारत जवाबी हमला न करे**



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार शाम 5.30 बजे पाकिस्तान के साथ तनाव पर लगातार तीसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं। इससे पहले 7 और 8 मई को भी सरकार की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी गई थी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा 8-9 मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से कई बार हमला किया। अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 36 स्थानों पर घुसपैठ का प्रयास किया गया। करीब 300-400 ड्रोन का इस्तेमाल किया। इनका मकसद खुफिया और वायु रक्षा प्रणालियों की जानकारी लेना था। शुरुआती जांच में यह सामने आया कि तुर्किये के ड्रोन थे। इनकी जांच की जा रही है। भारतीय सेनाओं ने इन्हें नष्ट कर दिया। एक यूएवी भी मूवमेंट कर रही थी, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया।

पाकिस्तान ने एलओसी पर भारी फायरिंग की, इसमें कुछ जवान घायल हुए। 7 मई को रात साढ़े आठ बजे मिसाइल और ड्रोन हमला किया और उस दौरान अपना एयर स्पेस बंद नहीं किया। नागरिकों का इस्तेमाल ढाल के लिए किया।

पंजाब सेक्टर में हाई एयर डिफेंस अलर्ट के दौरान हमारा एयरस्पेस नागरिक उड़ानों के लिए बंद है, लेकिन पाकिस्तान के इलाके में नागरिक उड़ान चल रही थी। पाकिस्तान का नागरिक विमान दमम से उड़ान भरकर लाहौर तक गया। भारतीय वायुसेना ने अपनी प्रतिक्रिया में संयम दिखाया और अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमान सेवा की सुरक्षा तय की। पाकिस्तान की यूएवी ने भठिंडा आर्मी स्टेशन टारगेट करने की कोशिश की थी, जिसे गिरा दिया गया था।

## सिंधु जल संधि से विश्व बैंक ने झाड़ा पल्ला

**नयी दिल्ली :** विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा है कि बहुपक्षीय एजेंसी की भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि में सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त कोई भूमिका नहीं है। सिंधु, झेलम और चिनाब के जल बंटवारे के लिए 1960 में दोनों देशों ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए थे। भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की हत्या के बाद दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा के हवाले से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, हमारी भूमिका केवल एक सुविधा-प्रदाता की है। मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक किस तरह से इस समस्या को हल करेगा, लेकिन यह सब बेबुनियाद है।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## देश के 32 हवाई अड्डों पर नागरिक उड़ानों पर 15 मई तक अस्थायी रोक : डीजीसीए

**नयी दिल्ली :** देश के उत्तरी एवं पश्चिमी हिस्सों में श्रीनगर एवं अमृतसर सहित 32 हवाई अड्डों पर नागरिक उड़ानों पर 15 मई तक रोक लगा दी गयी है। विमानन नियामक डीजीसीए ने यह जानकारी दी है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) एवं संबंधित विमानन प्राधिकारों को कई 'नोटिस टु एयरमैन (नोटम)' जारी किये गये हैं। इसमें उत्तर एवं पश्चिमी भारत के 32 हवाई अड्डों पर सभी नागरिक उड़ान परिचालकों को अस्थायी रोक लगा दी गयी है।

### जम्मू कश्मीर में सीमा पर पाकिस्तानी गोलाबारी में तीन की मौत, बीएसएफ ने घुसपैठ की बड़ी कोशिश की नाकाम

### पूजा स्थलों पर हमलों का दोष भारत पर मढ़ना पाकिस्तान की नापाक मंशा का सबूत: मिसरी


### हमलों को नाकाम करने के लिए भारत ने एस-400 प्रणाली, बराक-8 और आकाश मिसाइल का इस्तेमाल किया

### ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को शीघ्र खत्म करने का आग्रह किया: व्हाइट हाउस

### बीएसएफ ने जम्मू में पाक सीमा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, सात आतंकवादियों को ढेर किया

### पाकिस्तान ने तनाव कम करने के लिए ईरान, सऊदी और अन्य देशों के साथ संपर्क स्थापित किया: पाकिस्तान रक्षा मंत्री

## राजनाथ ने सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक कर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य नेतृत्व के साथ शुक्रवार को बैठक कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य की व्यापक समीक्षा की। यह समीक्षा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को विफल किए जाने के एक दिन बाद की गयी। बताया जा रहा है कि सुरक्षा संबंधी बदलते हालात से जुड़े हर पहलू पर बैठक में चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए। भारत ने बृहस्पतिवार रात को जम्मू, पठानकोट, उधमपुर एवं कुछ अन्य स्थानों में सैन्य प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान द्वारा मिसाइल एवं ड्रोन से हमला किए जाने के प्रयासों को विफल कर दिया। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ''रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा संबंधी स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।'' भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के प्रयासों को विफल किए जाने के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत ''अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और अपने लोगों की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।'' भारतीय सैन्य अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन एवं मिसाइलों का प्रभावी तरीके से मुकाबला किया तथा दुश्मन के प्रयासों को विफल कर दिया।



## बढ़ते तनाव के बीच राष्ट्रीय संकल्प

भारत ने पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर व पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी शिविरों तक सटीक सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया था, जिसको लेकर गुरुवार को विपक्ष ने सरकार के साथ एकता और संकल्प का परिचय दिया। हालांकि, दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय तनाव कायम है। पाकिस्तान ने सभी कायदे कानून ताक पर रखकर नागरिकों व सार्वजनिक स्थलों को निशाना बनाना जारी रखा है। हालांकि, भारत ने मजूबत सुर-क्षातंत्र के बूते अपने पंद्रह शहरों पर दागी गई लक्षित मिसाइलों को बेअसर कर दिया है। प्रतिक्रिया स्वरूप भारत ने पाक के कुछ सैन्य ठिकानों व लाहौर की प्रमुख वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ने स्थिति की गंभीरता को ही रेखांकित किया। इस स्थिति को बेहद संवेदनशील बताते हुए उन्होंने संस्थागत तालमेल और नागरिक सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल दिया। दरअसल, इस स्थिति में सरकार की प्राथमिकताओं में नागरिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना, गलत सूचनाओं का मुकाबला करना और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करना और किसी भी हमले का तत्परता से मुकाबला करना शामिल है। निस्संदेह, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल और परिचालन में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये मंत्रालयों को निर्देश साइबर हमलों और गलत सूचना अभियानों सहित हाइब्रिड खतरों की एक गंभीर समझ को ही दर्शाता है। गुरुवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा सर्वदलीय बैठक में विस्तृत जानकारी देना इस दिन का महत्वपूर्ण घटनाक्रम था। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में कम से कम सौ आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की। विपक्ष खासकर कांग्रेस और एआईएमआईएम ने सराहनीय परिपक्वता दर्शायी। वे तमाम राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हितों के साथ खड़े नजर आए। राजनीतिक सहमति का यह दुर्लभ क्षण घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को एक सशक्त संदेश देता है। यह भी कि जब भी भारत की संप्रभुता को चुनौती मिलती है इसका राजनीतिक ताना-बाना और मजबूत होता है। जबकि, तनाव की तसवीर अभी डराने वाली हैं। जिसको हल्के में नहीं लिया जा सकता।

हालांकि, भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि उसका इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है। लेकिन जवाबी कार्रवाई के लिये पूरी तरह तैयार है। इसलिए रणनीतिक संयम को विश्वसनीय प्रतिरोध के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। निस्संदेह,अब सामरिक जीत से हटकर रणनीतिक स्थिरता पर जोर दिया जाना चाहिए। आने वाले दिनों में नागरिक सुरक्षा, कूटनीतिक संदेश और आंतरिक सुरक्षा पर लगातार ध्यान देने की आवश्यकता होगी। भारत को सुरक्षा प्राथमिकताओं से समझौता किए बिना वैश्विक भागीदारों को जानकारी देना जारी रखना चाहिए। साथ ही अपने नागरिकों से पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के जारी रहने के बावजूद, एकीकृत राजनीतिक रुख और संस्थागत सतर्कता बाहरी खतरों के सामने लोकतांत्रिक लचीलेपन का एक आदर्श प्रस्तुत करती है। इसके अतिरिक्त देश के सीमावर्ती इलाकों के ग्रामीण की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से बौखलाए पाकिस्तान ने हताशा में जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर मौत और विनाश का तांडव मचाया है। पुंछ सेक्टर में भारी गोलाबारी में 13 नागरिकों की जान चली गई। वहीं सीमावर्ती इलाके के गांवों में बड़ी संख्या में घर क्षतिग्रस्त हो गए। पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद उस संघर्ष विराम का उल्लंघन कर दिया है जिसे 2021 में नये सिरे से लागू किया गया था। पाकिस्तान सेना ने बेशर्मी से नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है। जबकि भारतीय सेना ने अपनी जिम्मेदारी के साथ हमलों को पाकिस्तान और पीओके में आतंकी बुनियादी ढांचे के स्थलों तक ही सीमित रखा था। यह तय है कि भारत की सधी और नियंत्रित कार्रवाई ने पाक के साथ-साथ उसके क्षेत्र से संचालित होने वाले आतंकी संगठनों को हिलाकर रख दिया है। निस्संदेह, भारत ने पड़ोसी पाक को बता दिया है कि भारत आतंकवाद के प्रति शून्य साहिष्णुता रखता है, लेकिन साथ ही हमें एलओसी व सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही विस्थापित परिवारों की निकासी और अस्थायी पुनर्वास प्रशासन व सुरक्षा बलों की प्राथमिकता होनी चाहिए। पूरे देश को सीमावर्ती ग्रामीणों के साथ एकजुटता से खड़ा होना चाहिए, जो पाक की नापाक हरकतों के कारण पहले से कहीं अधिक असुरक्षित हैं। ये हमारे सुरक्षा बलों की आंख-कान के रूप में काम करते हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 10 मई, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, वैशाख शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 17:30 तक, नक्षत्र : चित्रा, 27:09 तक, योग : सिद्धि, 27:55 तक, सूर्योदय: 4:59, सूर्यास्त: 18:07, चन्द्रोदय : 16:14, चन्द्रास्त: 03:16, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मेष, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 08:17 से 09:55

## राशिफल

**मेष :** आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। बिगड़े हुये काम समय पर पूर्ण होने की सम्भावना है। पारिवारिक जीवन में सुखद बदलाव आयेंगे।

**वृष :** किसी मित्र से वैचारिक मतभेद उभर के सामने आ सकते हैं। प्रेमी जन की बातें आपको कर्णप्रिय लगेंगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बना रहेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के किसी मित्र से वैचारिक मतभेद उभर के सामने आ सकते हैं। प्रेमी जन की बातें आपको मधुर लगेंगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है।

**कर्क :** पारिवारिक सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। तात्कालिक प्रतिक्रिया न दें। आपके सम्बन्ध भी खराब हो सकते है। बुजुर्ग लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह :** धन से जुड़े मामलों के लिये दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में सुकून का वातावरण रहेगा। बच्चों के साथ समय बिताने का प्रयास करेंगे। शाम के समय अच्छी खबरों से आपका मन प्रसन्न हो सकता है।

**कन्या :** कन्या राशि के जातक आज आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। जिसका प्रभाव आपके कार्यों में भी दिखाई देगा। व्यवसाय में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा।

**तुला :** आज किसी नये कार्यों की शुरुआत न करें। भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखें। नकारात्मक समाचार सुनने को मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र को लेकर यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ मिल सकता है। सफलता के उन्माद में गलत मार्ग चुनने की गलती न करें।

**धनु :** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। बीमार लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में अपने लक्ष्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे। कर्मचारियों के साथ विरोध दूर होगा।

**मकर :** मकर राशि वाले जीवनसाथी को लेकर काफी भावुक हो सकते हैं। पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर आपको काफी सतर्क रहना चाहिये।

**कुम्भ :** कुंभ राशि को धन लाभ हो सकता है। आभूषणों की खरीदी पर धन खर्च कर सकते हैं। आपकी सलाह से लोगों को लाभ प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

**मीन :** मीन राशि आज छूटे हुये कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें। अपने अहंकार को सम्बन्धों के बीच न आने दें। व्यर्थ के प्रेम सम्बन्धों के प्रति आकर्षण भाव बढ़ेगा।

## ऑपरेशन सिंदूरः आतंक के अड्डों पर भारत का 'सिंदूरी' कहर

# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार



योगेश कुमार गोयल

'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये भारत ने साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के स्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि हम आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं।

भारत द्वारा यह कार्रवाई अचानक नहीं की गई बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पाक अधिकृत कश्मीर में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब 'हिट ऐंड होल्ड' की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह 'नो वॉर्निंग, नो वॉर' रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था।

इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। हालांकि पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पूर्वानुमेय थी, पहले इन्कार, फिर विक्टिम कार्ड खेलना और अंत में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से गुहार लगाना लेकिन अब वैश्विक परिदृश्य बदल चुका है। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दर्शाता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है।

पाकिस्तान की अब तक की रणनीति यही रही है कि वह भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो 'आतंकिस्तान' को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। आतंक को बढ़ावा देना अब पाकिस्तान के लिए केवल एक रणनीति नहीं, आत्मघाती कदम बन चुका है। भारत ने साबित कर दिया है कि अब न केवल सीमा की सुरक्षा करेगा बल्कि आवश्यकता पड़ी तो आतंकी नेटवर्क की जड़ों तक जाकर प्रहार करेगा। यह केवल सैन्य नीति नहीं बल्कि नई भारतीय आत्मा की आवाज है, जो शांति तो चाहती है लेकिन डरती नहीं, जो प्रेम में तो विश्वास करती है लेकिन पराजय में नहीं।

ऑपरेशन सिंदूर अब एक ऐसा उदाहरण बन गया है, जो यह बताता है कि आतंक से अब डायलॉग से नहीं, डायनामाइट से निपटना है। भारत ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, चाहे उसके लिए कितनी भी बड़ी कार्रवाई क्यों न करनी पड़े। आज भारत के पास रक्षात्मक नहीं, आक्रामक कूटनीति है। अब हम इंतजार नहीं करते कि दुश्मन कब वार करे बल्कि अब हम तय करते हैं कि कब, कहां और कैसे प्रहार करना है। यह बदलाव केवल सरकार की नीति में ही नहीं, देश की चेतना में भी है और यही चेतना ऑपरेशन सिंदूर की असली ताकत है। अब यदि पाकिस्तान यह सोचता है कि वह फिर किसी नए हमले की योजना बनाकर भारत को अस्थिर कर देगा तो उसे भली-भांति समझ लेना चाहिए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' तो केवल शुरुआत है, अब हर आतंकी ठिकाने के लिए भारत के पास ऐसा जवाब है, जो न केवल आतंकियों के ठिकानों बल्कि समूचे पाकिस्तान का नाम ही विश्व के मानचित्र से गायब कर सकता है।

## राज्यों की खबरें

### भारत-पाक संघर्षः केंद्र ने सेना प्रमुख को प्रादेशिक सेना का सहयोग लेने के लिये अधिकृत किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने सेना प्रमुख को अधिकार दिया है कि वह नियमित सेना की मदद के लिये प्रादेशिक सेना (टीए) के अधिकारियों और जवानों को बुला सकते हैं। यह कदम भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के बीच आया है। रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने छह मई को एक अधिसूचना जारी की जिसमें कहा गया है, यह आदेश 10 फरवरी 2025 से 09 फरवरी 2028 तक तीन वर्षों के लिए लागू रहेगा। प्रादेशिक सेना की स्थापना नौ अक्टूबर 1949 को हुई थी और पिछले वर्ष इसकी स्थापना के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। इस बल ने दशकों की अपनी यात्रा के दौरान युद्ध के समय तथा मानवीय और पर्यावरण संरक्षण कार्यों में राष्ट्र की सेवा की है। यह पूरी तरह से नियमित सेना के साथ एकीकृत है। राष्ट्र निर्माण के प्रयासों और युद्ध या संघर्ष के दौरान किए गए योगदान के सम्मान में, प्रादेशिक सेना में कई व्यक्तियों को वीरता के साथ-साथ विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। अधिसूचना में कहा गया, प्रादेशिक सेना नियम 1948 के नियम 33 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार, सेना प्रमुख को उस नियम के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रादेशिक सेना के प्रत्येक अधिकारी और प्रत्येक भर्ती व्यक्ति को आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने या नियमित सेना को सहायता या अनुपूरण करने के उद्देश्य से शामिल करने के लिए बुलाने का अधिकार देती है।

### जम्मू-कश्मीर में फंसे 52 तमिलनाडु के छात्र, उन्हें घर लाने के लिए कदम उठाए गए

**चेन्नई :** जम्मू-कश्मीर में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे तमिलनाडु के 52 छात्र और शैक्षणिक दौरे पर गए चार अन्य छात्र केंद्र शासित प्रदेश में फंस गए हैं और उन्हें सुरक्षित घर वापस लाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विद्यार्थी वर्तमान में कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन, रेशम कीट पालन, एनआईएफटी और एनआईटी की पढ़ाई कर रहे हैं। उन्हें भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर राज्य में मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर घर लौटने में कठिनाई हो रही है। सरकार ने कहा कि उनके अनुरोध के बाद राज्य सरकार ने छात्रों को तमिलनाडु लाने की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री एम.के स्टालिन ने 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में फंसे पर्यटकों की वापसी की व्यवस्था की थी।

### भारत आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए साझा खतरा : जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक साझा खतरा है। जयशंकर ने उन लोगों का आभार जताया, जिन्होंने देश के साथ एकजुटता व्यक्त की है और मौजूदा समय में जारी दृढ़ प्रतिक्रिया को समझते हैं। विदेश मंत्री ने द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर तत्कालीन सोवियत संघ की जीत के 80 साल पूरे होने के मौके पर यहां रूसी दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। जयशंकर ने कहा, मुझे 1945 में फासीवाद के खिलाफ युद्ध में जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आप सभी के साथ शामिल होकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, हम ऐसे समय में मिल रहे हैं, जब भारत आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक



साझा खतरा है। मैं उन लोगों का आभार जताता हूं, जिन्होंने हमारे साथ एकजुटता व्यक्त की है और जो मौजूदा समय में जारी दृढ़ प्रतिक्रिया को समझते हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पांच मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन कर कहा कि उनका देश आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है और पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

### जैसलमेर में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों के पास संदिग्ध गतिविधि पाये जाने पर नौ लोग गिरफ्तार

**जयपुर :** राजस्थान के जैसलमेर जिले में पुलिस ने सदर, कोतवाली और पोकरण थाना क्षेत्र में सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों के पास संदिग्ध गतिविधि पाये जाने पर नौ संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से विभिन्न एजेंसियों द्वारा संयुक्त पूछताछ की जा रही है। जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि जैसलमेर पुलिस ने जिन नौ संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें पांच जैसलमेर, तीन बाड़मेर एवं एक बिहार का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी धर्मनाथ जोगी (21), जीतु नाथ जोगी (27), रूपचंद ओड (44), लखुराम ओड (33), हरीश ओड (19), मनोहर राम ओड (19), उगाराम ओड (20), मोहम्मद रहमत (22) एवं खेताराम मेघवाल हैं। चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी खेताराम के विरूद्ध बाड़मेर जिले के विभिन्न थानों में सेंधमारी के करीब दो दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। जिला पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य को मद्देनजर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों के आस-पास बिना काम के नहीं जाए एवं सरकार की विभिन्न एजेंसियों की गतिविधियों की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी नहीं करें। जिला पुलिस की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है। संदिग्ध गतिविधि में संलिप्त पाये जाने एवं सीमावर्ती में अनैतिक गतिविधि करने वालों के विरूद्ध पुलिस कठोर कानूनी कार्रवाई करेगी।

### भारत ने भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों का उचित जवाब दिया : मिसरी

**नयी दिल्ली :** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने बृहस्पतिवार रात भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की पाकिस्तान की कोशिश का उचित और पर्याप्त रूप से जवाब दिया। मिसरी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी पक्ष ने विशेष पूजा स्थलों को निशाना बनाया और यह पाकिस्तान की एक और घटिया हरकत है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि पाकिस्तान ने आठ और नौ मई की दरमियानी रात को भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए देश के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया।

### यात्रा बुकिंग मंचों ने तुर्किये, अजरबैजान के विकल्प हटाए, 'गैर जरूरी' सफर से बचने की सलाह

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच विभिन्न ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंचों ने शुक्रवार को पाकिस्तान को 'समर्थन' देने वाले देशों तुर्किये और अजरबैजान के यात्रा विकल्प निलंबित कर दिए हैं। विभिन्न मंचों ने यह घोषणा करते हुए ग्राहकों को इन गंतव्यों की 'गैर-जरूरी' यात्रा से बचने की सलाह दी, जबकि भारतीय यात्रियों से संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले 'अत्यधिक सावधानी' बरतने का आग्रह किया। कॉक्स एंड किंग्स ने कहा कि उसने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी नए यात्रा विकल्पों को अस्थायी रूप से हटाने का फैसला किया है। कॉक्स एंड किंग्स के निदेशक करण अग्रवाल ने कहा, हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए हमने अजरबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्किये के लिए सभी नए यात्रा विकल्पों को स्थगित करने का फैसला किया है। यह निर्णय हमारे और हमारे देश के लोगों के लिए महत्वपूर्ण सिद्धांतों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। हम भारतीय यात्रियों को सलाह देते हैं कि वे विवेक का प्रयोग करें और व्यापक भू-राजनीतिक वातावरण में अधिक स्पष्टता और सरेखण होने तक इन गंतव्यों की किसी भी गैर-जरूरी यात्रा से बचें। ईजमाईट्रिप ने बृहस्पतिवार शाम सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, यात्रा परामर्श - पहलगाम हमले और भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद, यात्रियों से सतर्क रहने का आग्रह किया जाता है। चूंकि तुर्किये और अज़रबैजान ने पाकिस्तान के लिए समर्थन दिखाया है, इसलिए हम दृढ़ता से सलाह देते हैं कि केवल तभी जाएं जब बहुत ज़रूरी हो। ट्रैवोमिंट ने कहा कि कंपनी ने भारतीयों द्वारा तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के आह्वान का समर्थन करते हुए इन दोनों देशों के लिए सभी यात्रा पैकेजों की बिक्री निलंबित कर दी है। ट्रैवोमिंट के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आलोक के सिंह ने बयान में कहा, पाकिस्तान और तुर्किये तथा अजरबैजान जैसे देशों के साथ बढ़ते तनाव के बीच हमने तुर्किये और अजरबैजान के बहिष्कार के भारतीयों के आह्वान का समर्थन करने का फैसला किया है। ट्रैवोमिंट ने तत्काल प्रभाव से इन देशों के लिए सभी यात्रा पैकेजों की बिक्री निलंबित कर दी है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि तुर्किये और अजरबैजान के लिए मौजूदा बुकिंग रद्द करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सिंह ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति या तत्काल आवश्यकता के मामले में आपातकालीन उड़ान बुकिंग उपलब्ध होगी।

## वर्ग पहेली नं. 3087

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | |
| | ■ | | ■ | 6 | 7 | | ■ | | ■ |
| 8 | | | 9 | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| ■ | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | ■ | 19 | | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | | ■ | ■ |
| 21 | | 22 | | | ■ | ■ | 23 | 24 | |
| | ■ | | ■ | 25 | | 26 | ■ | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | | |

*बायें से दायें:-* 2) वासना, 4) मद्यपान, 6) नफ़ा, 8) कगार तक भरा, 10) तीर, 11) दुर्व्यसन, 13) दोस्ती, 14) एक संख्या, 16) स्वीकार करना, 19) देशस्तरीय, 20) चिंता, 21) चमकीला, 23) एक धर्मसंस्थापक, 25) ओढ़नी, 27) अधमता; नीचता, 28) आज्ञाकारी.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अल्प; जो घना न हो, 2) कुली, 3) स्पष्ट; स्वच्छ; खाली *(जेब)*, 4) गायब, 5) पाजेब, 7) सुख्याति; प्रसिद्धि, 9) अग्रिम धन; पेशगी, 12) तल्लीन; मग्न, 15) प्रशंसा करना, 17) कसाई, 18) दोबारा, 20) आटा, दाल, चावल आदि भोजनसामग्री, 21) उड़ती ख़बर, 22) टुकड़े होना, 24) एक नदी, 26) खाली.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | ह | द | ■ | ■ | कि | सा | न | ■ | ज़ |
| क़ी | ■ | म | न | मा | ना | ■ | फ़ | ■ | ब |
| म | क | ड़ी | ■ | ज | रा | ■ | र | फ़्ता | र |
| त | ट | ■ | को | रा | ■ | जी | त | ■ | द |
| ■ | क | ठो | र | ■ | कुं | भ | ■ | अ | स्त |
| बे | ■ | ■ | क | मी | ज | ■ | हि | म | ■ |
| आ | स | पा | स | ■ | र | वि | त | न | य |
| ब | ■ | ग | र | दा | ■ | ष | ■ | ■ | त्न |
| रू | मा | ल | ■ | ह | रा | म | ख़ो | री | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3044

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | 2 | | | 5 |
| 8 | 6 | 2 | | | | | | |
| | | 5 | 3 | | | 6 | | |
| | | | 4 | | | | 7 | |
| | | 9 | | | | | | |
| | | | 8 | | | 5 | 1 | |
| | 7 | | | | 3 | | | 1 |
| | | | 1 | | 7 | 8 | | |
| 6 | | 4 | | | | | | 2 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3043 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 7 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 9 | 4 | 5 |
| 6 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 4 |
| 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 | 2 | 3 |

# पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के मद्देनजर कोलकाता बंदरगाह की बढ़ायी गई सुरक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के श्यामाप्रसाद मुखर्जी बंदरगाह ने पाकिस्तान के साथ चल रहे सैन्य संघर्ष के मद्देनजर अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल और परिचालन सतर्कता में बढ़ोतरी की है। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय तथा पोत परिवहन महानिदेशालय के निर्देशों के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई। शुक्रवार को बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव टी.के. रामचंद्रन द्वारा सभी बंदरगाह अधिकारियों के साथ डिजिटल माध्यम से एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोलकाता बंदरगाह के अध्यक्ष रथेंद्र रमन, उपाध्यक्ष सम्राट राही, वरिष्ठ सीआईएसएफ कमांडेंट सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के बाद, बंदरगाह के अध्यक्ष ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा के लिए बैठक की तथा कई उपायों की घोषणा की। सभी कर्मियों को सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि यद्यपि कोलकाता बंदरगाह देश के पूर्वी भाग में स्थित है और सुरक्षा संबंधी खतरे मुख्य रूप से पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्रों में हैं, फिर भी कोलकाता बंदरगाह सुरक्षा के मोर्चे पर कोई लापरवाही नहीं बरत रहा है। रमन ने कहा कि श्यामाप्रसाद मुखर्जी बंदरगाह, कोलकाता में हमारे लोगों, संपत्ति और जहाजों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति को देखते हुए, सतर्क और तैयार रहना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बंदरगाह ने 10 मई से 14 मई तक संविदा कर्मचारियों सहित सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। उन्हें उनके साप्ताहिक अवकाश के दिनों में भी मुख्यालय में रहने का निर्देश दिया गया है।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट जारी, सीआईएसएफ कर्मियों की छुट्टियां रद्द



देश के प्रमुख हवाई अड्डों में शामिल कोलकाता अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता की सबसे ऊंची स्थिति घोषित कर दी गई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय और सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) ने एयरपोर्ट की सुरक्षा के मद्देनजर हाई अलर्ट जारी किया है। डीसी ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी द्वारा बुलाई गई वीडियो कॉन्फ्रेंस में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई, जिसके बाद तत्काल प्रभाव से सीआईएसएफ के सभी कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। जो जवान पहले से छुट्टी पर थे, उन्हें भी वापस बुला लिया गया है। गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में डीआईजी, सीआईएसएफ, एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक और विभिन्न एयरलाइंस के अधिकारी शामिल हुए। बैठक का मकसद था यात्रियों की सुरक्षा को और पुख्ता करना, संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों की समीक्षा करना। हवाई अड्डा परिसर के प्रस्थान और आगमन क्षेत्रों में वाहनों की पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित कर दी गई है। एयरपोर्ट पर स्नाइपर डॉग स्क्वॉड और सशस्त्र जवान हर कोने की कड़ाई से निगरानी कर रहे हैं। बैगेज स्कैनिंग से लेकर गाड़ियों की तलाशी तक, हर पहलू पर सख्ती बरती जा रही है।

# भारत-पाक युद्ध के बीच कालीगंज का उपचुनाव रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत व पाकिस्तान के युद्ध के कारण बंगाल में उपचुनाव रद्द कर दिए गए। नदिया की कालीगंज विधानसभा में निलंबित उपचुनाव से देश में मौजूदा स्थिति सामान्य नहीं है। चुनाव आयोग के मुताबिक खबर है कि कालीगंज तृणमूल विधायक नसीरुद्दीन अहमद का इसी साल एक फरवरी को निधन हो गया था। तब से सीट खाली है। अब नियमानुसार 31 जुलाई तक इस सीट पर उप-चुनाव होना चाहिए। लेकिन अब पूरा राज्य 'भूत' मतदाताओं को खोजने का काम कर रहा है। इससे कालीगंज विधानसभा उपचुनाव की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। सूत्रों से यह बताया गया कि कालीगंज के लिए एक विशेष सारांश संशोधित किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। सूत्रों का दावा है कि मसौदा सूची 8 अप्रैल तक प्रकाशित की जाएगी। अंतिम सूची 5 मई तक प्रकाशित की जाएगी। उसके बाद ही उपचुनाव की घोषणा की जाएगी। लेकिन बदलती स्थिति फिलहाल उपचुनाव के लिए स्थगित है।

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/एम/ब्लू लाइन, मेट्रो रेलवे, कोलकाता द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** हेवी-ड्यूटी एस्केलेटरों की डिज़ाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग कार्य सहित 10 वर्षों के लिए पूर्ण समावेशी रखरखाव के साथ : (ए) पार्क स्ट्रीट स्टेशन पर नए एस्केलेटर की स्थापना (2 नग) और (बी) नेताजी भवन स्टेशन (1 नग) एवं महानायक उत्तम कुमार स्टेशन (2 नग) पर एस्केलेटरों का प्रतिस्थापन, मेट्रो रेलवे कोलकाता। **विज्ञापित मूल्य :** ₹4,91,86,419.91 मात्र। **समापन की तिथि और समय :** 29.05.2025 को भारतीय मानक समयानुसार 15.00 बजे; **सूचना पट्ट का पता :** प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता का कार्यालय, मेट्रो रेलवे, 33/1, जे. एल. नेहरू रोड, कोलकाता-700071। **वेबसाइट विवरण :** https://www.ireps.gov.in

**निविदा संख्या : ईएलएम-141_पीएसके-ईएससी_डीटी-3-5-25**

हमें अनुसरण करें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच बीरभूम से दो जेएमबी आतंकी गिरफ्तार

## मुस्लिम युवाओं का ब्रेनवाश कर भारत विरोधी कार्य करने के लिए उकसाने का आरोप




**बीरभूम/कोलकाता :** आतंकवाद को लेकर भारत-पाकिस्तान में संघर्ष के बीच बंगाल में जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि राज्य पुलिस की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने गुरुवार की रात को बीरभूम के नलहाटी और मुराई में छापेमारी कर बांग्लादेशी आतंकी संगठन जेएमबी के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आतंकियों पर मुस्लिम युवाओं का ब्रेनवाश कर भारत विरोधी गतिविधियं चलाने के लिए भड़काने का आरोप है। शुक्रवार को एसटीएफ ने दोनों को रामपुरहाट अदालत में पेश किया और 14 दिन की रिमांड मांगी। गिरफ्तार जेएमबी सदस्य का नाम अजमल हुसैन (28) और साहेब अली खान (28 वर्ष) है। दोनों बीरभूम जिले के नलहाटी और मुरारोई का रहने वाला है। जेएमबी माड्यूल के यह दोनों सदस्य अपना पूरा काम बड़े ही शातिर तरीके से कर रहा था। इन लोगों ने देश की संप्रभुता को कमजोर करने के लिए विशिष्ट स्थानों और प्रमुख व्यक्तियों पर हमले की भी योजना बना रहा था। अपने षड्यंत्र को क्रियान्वित करने के लिए मुस्लिम युवाओं का ब्रेनवाश कर उसे आतंकी नेटवर्क से जोड़ रहा था। एसटीएफ सूत्रों के अनुसार, अजमल बांग्लादेश भी गया था। वह वहां जिहादी गतिविधियों में शामिल हुआ था। इतना ही नहीं, वह और उसका साथी विस्फोटक बनाने और आग्नेयास्त्र हासिल करने की कोशिश में था। इन लोगों का उद्देश्य 'गजवातुल हिंद' स्थापित करना है। एसटीएफ के अधिकारी इंद्रजीत बसु ने कहा कि अजमल और साहेब देश के बाहर राष्ट्रविरोधी ताकतों के साथ नियमित संपर्क में था। ऐसी खबरें हैं कि वे उनके साथ रुपये का भी लेन-देन में भी शामिल था। जांचकर्ता जेएमबी अन्य सदस्यों का पता लगाने की कोशिश में हैं। गौरतलब है कि अभी दो दिन पहले ही बीरभूम के नलहाटी में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया था। इस बात की जांच की जा रही है कि क्या इन जेएमबी आतंकियों का उस विस्फोटक भंडार से कोई संबंध तो नहीं है।

## पुलिस आयुक्त ने बउबाजार के कई होटलों का किया औचक निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** जोड़ासांको थाना क्षेत्र के मेचुआ फलपट्टी स्थित एक होटल में भीषण आग लगने के बाद लालबाजार में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। शुक्रवार को कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने स्वयं बोऊबाजार थाना क्षेत्र के कई होटलों का दौरा किया। पुलिस सूत्रों का दावा है कि पुलिस आयुक्त ने मुख्य रूप से होटलों की अग्नि शमन प्रणालियों का निरीक्षण किया। मुद्दा यह है कि क्या आपातकालीन स्थिति में मेहमानों और कर्मचारियों को होटल से तुरंत बाहर निकालना संभव है। यह भी जांच की जाती है कि होटल में आपातकालीन गेट है या नहीं। होटल के अंदर का लेआउट या सीढ़ियां कैसी हैं? छत कैसी है? शुक्रवार के 'औचक निरीक्षण' में पुलिस आयुक्त के अलावा कोलकाता पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डीपी सिंह और संयुक्त आयुक्त रूपेश कुमार भी मौजूद थे। वह सेंट्रल डिवीजन के डिप्टी कमिश्नर भी रहे।

**उन्नीतकरण, नवीकरण एवं प्रतिस्थापन कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या. EL/29/12_2025/K/163 तारीखः** 07-05-2025। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. 13_2025। कार्य का नामः** डीआरएम भवन, कटिहार पर सुरक्षा स्वीचगीयर के साथ अधिक आयु के विद्युतीय वायारिंग का उन्नीतकरण, नवीकरण एवं प्रतिस्थापन। **निविदा राशिः** ₹1,12,74,801/-। **धरोहर राशिः** ₹2,06,400/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 02-06-2025 तारीख के 15.00 बजे में **एवं खुलेगीः** 02-06-2025 तारीख के 15.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

**वरिष्ठ डीईई (जी एंड सीएचजी), कटिहार**
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
*मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में*

**पूर्व रेलवे**

**सं. ईएलईजी/ओटी/ई-निविदा सूचना/449/2025-26 दिनांक : 07.05.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्न-लिखित कार्यों के संबंध में निम्नरूप ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:- **(1) निविदा सं.: ई एलईजी-ओटी-1221-2025-26; कार्य का विवरण:** गड्ढों, शेड एवं उसके आसपास प्रकाश व्यवस्था में सुधार के लिए ओएसएल / एसडीएएच में प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य; **निविदा दस्तावेज की लागत:** रु. 00.00; **निविदा मूल्य:** रु. 28,13,650.00; **बयाना राशि:** रु. 56,300.00; **समापन अवधि:** 04 (चार) माह; **(2) निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1222-2025-26; कार्य का विवरण:** सीपी और अन्य स्थानों पर जल पंपों के प्रतिस्थापन एवं संवर्धन के लिए आवश्यक विद्युत कार्य; **निविदा दस्तावेज की लागत:** रु. 00.00; **निविदा मूल्य:** रु. 1,07,54,715.00; **बयाना राशि:** रु. 2,03,800.00; **समापन अवधि:** 10 (दस) महीने; **निविदा प्रकाशन तिथि:** 07.05.2025; **निविदा समापन तिथि और समय:** 05.06.2025 14.00 बजे; **निविदा बोली खोलने की तिथि:** 05.06.2025 14.00 बजे; **निविदा बोली प्रारंभ तिथि:** 22.05.2025. समय-समय पर जारी निविदा सूचना और शुद्धिपत्र का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-48/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**बोली सं.: जीईएम/2025/बी/6206533 दिनांक: 07.05.2025.** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, बोगी निर्माण कारखाना, पूर्व रेलवे, बज बज, 88/1, अधर दास रोड, पीओ+पीएस- बज बज, कोलकाता- 700137 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं: **आइटम श्रेणी :** सेवाओं के लिए कस्टम बोली - निपटान जिसमें कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप - लिलुआ से बेलूर स्क्रैप यार्ड - बेलूर तक बिक्री योग्य फेरस स्क्रैप की लोडिंग, परिवहन एवं अनलोडिंग शामिल है, सेवाओं के लिए कस्टम बोली - निपटान जिसमें कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप - लिलुआ से बेलूर स्क्रैप यार्ड- बेलूर तक बिक्री योग्य नॉन-फेरस स्क्रैप की लोडिंग, परिवहन एवं अनलोडिंग शामिल है; **अनुमानित बोली मूल्य:** रु. 83,26,649.00; **ईएमडी विवरण:** सलाहकार बैंक: भारतीय स्टेट बैंक; **ईएमडी राशि:** रु. 1,66,530.00; **मध्यस्थता खंड:** नहीं; **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष; **बोली प्रस्ताव वैधता (अंतिम तिथि से):** 90 (दिन); **बोली समाप्ति तिथि/समय:** 28.05.2025 16.00 बजे; **बोली खुलने की तिथि/समय:** 28.05.2025 16.30 बजे। **कार्यालय का नाम:** कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप लिलुआ; **बोलीदाता का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों के लिए):** 42 लाख; **समान/समान सेवा के लिए आवश्यक पिछले अनुभव के वर्ष:** 1 वर्ष; **आवश्यक समान सेवाओं का पिछला अनुभव:** हाँ; **अनुभव के वर्षों एवं टर्नओवर के लिए एमएसई छूट:** नहीं; **अनुभव के वर्षों एवं टर्नओवर के लिए स्टार्टअप छूट:** नहीं; **विक्रेता से आवश्यक दस्तावेज़:** अनुभव मानदंड, बोलीदाता टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोधित), अतिरिक्त दस्तावेज़ 1 (एटीसी में अनुरोधित) *यदि कोई बोलीदाता अनुभव/टर्नओवर मानदंड से छूट चाहता है, तो छूट के लिए उसकी पात्रता साबित करने के लिए सहायक दस्तावेज़ खरीदार द्वारा मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाने चाहिए; **क्या आप बोलीदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज़ बोली में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को दिखाना चाहते हैं?** : हाँ; **आरए के लिए बोली सक्षम:** नहीं; **बोली का प्रकार :** दो पैकेट बोली; **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण के लिए अनुमत समय:** 2 दिन; **मूल्यांकन पद्धति:** कुल मूल्यवार मूल्यांकन; **ई-पीबीजी विवरण:** सलाहकार बैंक: भारतीय स्टेट बैंक; **ई-पीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00; **ई-पीबीजी की आवश्यक अवधि (महीने):** 26.

(MISC-57/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सबका कल्याण हो, देश का कल्याण हो : ममता

## मुख्यमंत्री ने कहा... 'सेना देश के लिए लड़ रही हैं, हम जीतेंगे'

**रवींद्रनाथ टैंगोर की 164वीं जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि**



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती पर आयोजित सरकारी समारोह में कहा कि सबका कल्याण हो, देश का कल्याण हो। कोलकाता के रवींद्र सदन के सामने राज्य सरकार द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि ममता ने मंच से कहा कि सेना देश के लिए लड़ रही है। सैनिकों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने टैगोर के संदेश को याद करते हुए कहा कि कभी डरूंगी नहीं, कभी डरूंगी नहीं। हम जीतेंगे। मुख्यमंत्री ने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि रवींद्रनाथ के जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन अन्य समय ऐसा नहीं किया जाता। मुख्यमंत्री ने यह भी संदेश दिया कि किसी को भी अपने राज्य की संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। समारोह में साहित्य, कला सहित विभिन्न क्षेत्रों के बड़ी संख्या में विशिष्ट लोग उपस्थित थे। ममता ने टैगोर की 164वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि नोबेल पुरस्कार विजेता टैगोर की रचनाएं पूरी दुनिया का मार्गदर्शन कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने इससे पहले एक्स पर पोस्ट के जरिए भी टैगोर को श्रद्धांजलि दी और उनकी प्रसिद्ध कविता संग्रह गीतांजलि की कुछ पंक्तियों का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि कवि रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर, हम उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि देते हैं और नमन करते हैं। हम उन्हें न केवल 25 बैशाख पर, बल्कि हर दिन याद करते हैं। वह हमारी दिशा में, हमारी भाषा में, हमारी आशा में - हर चीज में हैं! उनकी रचना की रोशनी से पूरी दुनिया रोशन है। बंगाली कैलेंडर के अनुसार, बैशाख माह की 25 तारीख को टैगोर की जयंती रवींद्र जयंती के रूप में मनाई जाती है।

**KETUGRAM-1 PANCHAYAT SAMITY**
Kandra, Purba Bardhaman

**e-Tender Notice**

e-tender is hereby invited for **e-NIT No. 200/P.S./2025-26, Date: 06/05/2025 (02), e-NIT No. 201/P.S./2025-26, Date: 08/05/2025 (07).** Last Date: **22/05/2025.** For viewing Tender : **www.wbtenders.gov.in**

**Sd/-**
**Executive Officer**
**Ketugram-1 Panchayat Samity**

**नोटिस**

अन्तर्गत, न्यायालय सब जज, सोलह,पूर्वी, मुजफ्फरपुर।
बँटवारा वाद संख्या- 227/2023
मो० हेदायतुल्लाह ........................................वादी
बनाम
मो० आरीब कासीम वगैरह ........................प्रतिवादीगण
सूचना बनाम प्रतिवादीगण

(1) मो० आरीब कासीम पिता स्व० मो० कासीम (2) रजिया प्रवीण पिता- स्व० मो० कासीम दोनो निवासी मुहल्ला 33/2ए रफी अहमद किदवई रोड कोलकाता 700016

चूँ बजरिये इस प्रकाशन के माध्यम से आपको आगाह किया जाता है कि वादी ने आपके विरूद्ध उक्त बँटवारा वाद दाखिल किया है जिसमे आपको सम्मन रजिस्ट्री और नजारत द्वारा भेजा गया परन्तु आप उक्त वाद में उपस्थित नहीं हो रहे है। अतः आप दिनांक 14-05-25 को 10.30 बजे अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जो भी उजुरदावी देना हो दे अन्यथा एकपक्षीय कारवाई की जायेगी। इसे ताकिद जाने।

आज दिनांक 25-03-25 को मेंरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के मोहर से जारी।

सब जज सोलह, पूर्वी, मुजफ्फरपुर।

## बड़ाबाजार में नकली बैग पकड़ने गए ईबी अधिकारियों पर हमला, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में प्रवर्तन शाखा (ईबी) के अधिकारियों की पिटाई का मामला सामने आया है। पता चला है कि शुक्रवार को बड़ाबाजार में नकली बैग पकड़ने की कोशिश करते समय ईबी अधिकारियों की पिटाई की गई है। इस घटना से इलाके में तीव्र तनाव फैल गया। बाद में, मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घटना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, बड़ाबाजार इलाके में प्रसिद्ध ब्रांडों के नकली बैग बेचे जा रहे थे। यह कारोबार मशहूर ब्रांडों के लोगो की नकल करके चल रहा था। थोक बाजार में नकली बैग मूल बैग के समान कीमत पर बेचे जा रहे थे। इस बारे में कई महीनों से प्रवर्तन शाखा में शिकायतें दर्ज की जा रही थी। इस दिन, दोपहर में शिकायत की जांच के लिए ईबी के अधिकारियों ने बड़ाबाजार में छापेमारी की। वहां उनके काम में बाधा डालने के आरोप लगे। उस समय ईबी अधिकारियों की व्यापारियों के साथ बहस हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच हाथापाई भी हुई। आरोपी व्यापारियों ने कथित तौर पर दो ईबी अधिकारियों की बुरी तरह पिटाई की। इस घटना के संबंध में बड़ाबाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। बताया गया है कि दो लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# बिधाननगर में फिर अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार, 19 लाख नकदी बरामद

## पुलिस ने 11 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप और एक इंटरनेट राउटर किया बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में फिर एक अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ हो गया। पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया। साथ ही, 19 लाख रुपए बरामद किए गए। गुरुवार की शाम को टेक्नोसिटी थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई, जिसमें विकास कुमार राय (29) की गिरफ्तारी हुई। वह शा-पूरजी पालोनजी शुखोबृष्टी, एक्शन एरिया 3ई, पीएस-टेक्नोसिटी में रहता हैं। छापेमारी के दौरान उसके पास से एक संदिग्ध लैपटॉप बरामद हुआ जिसमें यूके के पीड़ितों के साथ संपर्क के साक्ष्य, अमेजन खाते के लॉगिन विवरण, यूके के व्यक्तियों की दूरस्थ पहुंच और (लिंक अनुपलब्ध) (वीसी डायलर) तक पहुंच शामिल है, जिसे पहले 30 अप्रैल को जब्त किया गया था। साथ ही, 11 मोबाइल फोन बरामद किए गए। एक एयरटेल राउटर मिला। उनमें से कई फ़ोन पर आपत्तिजनक चैट मिले। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ पर पिकनिक गार्डन स्थित मकान से 19.5 लाख रुपए बरामद किए गए।

# इंटाली में दिनदहाड़े करोड़ों की लूट मामले पांच गिरफ्तार, 29 लाख नकद बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** टैक्सी में जबरन उठकर यात्रियों से 2.5 करोड़ रुपए से अधिक की लूट लिया गया। कोलकाता में दिनदहाड़े भयावह घटना से लोग सकते में हैं। पुलिस ने घटना की जांच के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 29 लाख रुपए बरामद किए गए। पुलिस बाकी रकम बरामद करने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने बताया कि लूट की यह घटना 5 मई को हुई थी। शिकायतकर्ता सम्राट घोष ने पुलिस को बताया कि वह और उनका एक सहकर्मी उस दिन सुबह करीब 11:30 बजे टैक्सी से सरकारी बैंक की पार्क सर्कस शाखा में पैसा जमा करने जा रहे थे। रास्ते में दो लोग जबरदस्ती टैक्सी में घुस गए। इसके बाद दोनों व्यक्तियों ने उनके पास मौजूद 2.66 करोड़ रुपए लूट लिए और भाग गए। सम्राट घोष और उनके सहयोगी एक विदेशी मुद्रा व्यापार कंपनी के कर्मचारी हैं। लूट के बाद सम्राट ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटना की जांच की और अलग-अलग स्थानों से पांच लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम संजीव दास और पाचा, मोहम्मद सरफराज उर्फ सोनू, रिजु हाजरा, शेख शाहरुख और आलमगीर खान हैं। पुलिस ने बताया कि संजीव दास से पूछताछ के बाद पता चला कि उसने अपने दोस्त शैलेन के घर में पैसे छिपा रखे हैं। फिर गुरवार पुलिस ने बारुईपुर के सुभाषग्राम स्थित शैलेन के घर की तलाशी ली। वहां से 26 लाख रुपए बरामद किए गए। गुरुवार को आलमगीर से पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि उसके घर पर भी कई लाख रुपए मौजूद हैं। तिलजला स्थित उनके घर की तलाशी ली गई और तीन लाख रुपए बरामद किए गए। पुलिस बाकी बचे पैसों के बारे में जांच कर रही है।

**पूर्व रेलवे**

**जीईएम बोली सं.: जीईएम/2025/बी/6179309, दिनांक 28.04.2025,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 द्वारा शॉप-2/लोको/केपीए में 05 वर्ष की अवधि के लिए सीएनसी एक्सल टर्निंग लेद डिपार्टमेंट नं. एलएमएस-153 के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध के लिए खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा मूल्य :** रु. 54,81,333/-, **बयाना राशि :** रु. 1,09,700/-, **अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 14.05.2025 को 12.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि :** 05 वर्ष। निविदा कागजात और संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.gem.gov.in** पर उपलब्ध है।

MISC-58/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**सं. डीवाई.सीपीएम/ इंजी / जीएसयू / एडब्ल्यएच/25-26/6 दिनांक : 07.05.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक / इंजी / गति शक्ति इकाई, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा- 711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है, जिसमें सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी / एसईबी / एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत निविदाकार भी शामिल हैं: **ई-निविदा सं. 04_2025-26; कार्य का विवरण:** "हावड़ा मंडल में आरओबी/आरयूबी द्वारा 18 नंबर एलसीएस गेट को खत्म करने के लिए डीपीआर." **अनुमानित लागत:** रु. 2,22,83,777.19; **बयाना राशि:** रु. 2,61,400.00; **निविदा फॉर्म की लागत (रु.) :** शून्य; **पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) महीने; **निविदा की समाप्ति तिथि एवं समय:** 03.06.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि को किसी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि IREPS की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ अगले कार्य दिवस पर खोली जाएँगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान - ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज़ लागत का भुगतान, केवल भुगतान गेटवे के नेट बैंकिंग के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। **टिप्पणी :** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए सावधि जमा रसीद (एफडीआर) को ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-80/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-27-2024-25 दिनांक: 05.05.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, सियालदह, पूर्व रेलवे, नियंत्रण भवन, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता - 700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-27-2024-25; कार्य का नाम:** टीआरडी/एनकेजी के अधिकार क्षेत्र में "बीआर सं. 3, बीआर सं. 27 एवं बीआर सं. 5सीसीआर की री-गर्डरिंग" के संबंध में 25 केवी ओएचई एवं संबद्ध विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 86,09,807.00; **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य; **बयाना राशि:** रु. 1,72,200.00; **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 12 (बारह) महीने; **समापन तिथि:** 28.05.2025 15.00 बजे. समय-समय पर जारी निविदा सूचना एवं शुद्धिपत्र का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-46/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर स्टॉल/आउटलेट**

**'एक स्टेशन एक प्रोडक्ट' योजना के अधीन**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के द्वारा सियालदह मंडल के तहत 101 स्टेशनों पर **"एक स्टेशन एक प्रोडक्ट" योजना** में भागीदारी के लिए देशी उत्पादों से जुड़े व्यक्तियों, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी), हाशिए पर रहने वाले या समाज के कमजोर वर्गों आदि से मुहरबंद पैकेट (एकल) में और निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। **योजना की मुख्य विशेषताएँ:-(1) परियोजना की अवधि:** ● टाकी रोड - 30 दिन दिनांक 30.05.2025 से शुरू। ● टाला, बराहनगर रोड, तालदी-30 दिन दिनांक 01.06.2025 से शुरू। ● माझेरहाट, ताहेरपुर, आड़ंघाटा -30 दिन दिनांक 02.06.2025 से शुरू। ● आकड़ा, संतोषपुर, कोमागाटा मारू बजबज - 30 दिन दिनांक 03.06.2025 से शुरू। ● धुबुलिया - 30 दिन दिनांक 04.06.2025 से शुरू। ● सुभाषग्राम- 30 दिन दिनांक 06.06.2025 से शुरू। ● दक्षिण दुर्गापुर, नेतड़ा, चंपाहाटी, घुटियारी शरीफ, मगराहाट-30 दिन दिनांक 09.06.2025 से शुरू। ● बनगांव जं., दत्तपुकुर, बामनगाछी, गुमा, बीरा, दक्षिणेश्वर-30 दिन दिनांक 10.06.2025 से शुरू। ● हृदयपुर- 30 दिन दिनांक 11.06.2025 से शुरू। ● बहारु, काकद्वीप, दक्षिण बारासात, बशीरहाट, कल्याणी सीमांत, कल्याणी शिल्पांचल- 30 दिन दिनांक 12.06.2025 से शुरू। ● कल्याणपुर, होटोर - 30 दिन दिनांक 13.06.2025 से शुरू। ● माझेरग्राम, बाली घाट, ईडन गार्डेन्स, लालगोला, कासिमबाजार-30 दिन दिनांक 16.06.2025 से शुरू। ● चांदपाड़ा, गंगनापुर, बागबाजार, शासन रोड, सुर्ज्यपुर, पगलाचंडी, गेदे, कालीनारायणपुर जं., हबीबपुर, जगद्दल, टीटागढ़, इच्छापुर - 30 दिन दिनांक 17.06.2025 से शुरू। ● बीबीडी बाग, प्रिंसेपघाट, बिद्याधरपुर, पियाली - 30 दिन दिनांक 18.06.2025 से शुरू। ● भगवानगोला, मुड़ागाछा, बेलडांगा, बेथुआडहरी, देबग्राम, रेजीनगर, पलासी, माझदिया, नंगी, न्यू अलीपुर, बीरनगर, शांतिपुर, पायराडांगा, ब्रेसब्रिज, खड़दह, कांकिनाड़ा-30 दिन दिनांक 19.06.2025 से शुरू। ● गोपालनगर, बड़ा बाजार, पातिपुकुर, कालिकापुर, बसुलडांगा, धपधपी, बगुला, बानपुर, पालपाड़ा - 30 दिन दिनांक 20.06.2025 से शुरू। ● बादकुल्ला, काशीनगर हॉल्ट - 30 दिन दिनांक 22.06.2025 से शुरू। ● गोबरडांगा, ठाकुरनगर, अशोकनगर रोड, न्यू बैरकपुर, दुर्गानगर-30 दिन दिनांक 24.06.2025 से शुरू। ● बिशरपाड़ा कोदालिया-30 दिन दिनांक 25.06.2025 से शुरू। ● जियागंज- 30 दिन दिनांक 26.06.2025 से शुरू। ● कृष्णपुर, मुर्शिदाबाद, बहरामपुर कोर्ट, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, बालीगंज जं., बाघा जतीन, गोचरण, नामखाना, देउला, धामुया, डायमंड हार्बर, कैनिंग, संग्रामपुर- 30 दिन दिनांक 27.06.2025 से शुरू। **(2) टोकन पंजीकरण शुल्क:** प्रत्येक स्टॉल हेतु 30 दिनों की आवंटन अवधि के लिए जीएसटी सहित रु.2,000/- मात्र। **(3) आधारभूत संरचना:** (i) स्टॉल/आउटलेट रेलवे द्वारा प्रदान किए जाएंगे। (ii) 15 दिनों के एक चरण के लिए प्रति एक स्टेशन एक प्रोडक्ट आउटलेट हेतु अधिकतम 20 यूनिट बिजली की स्वीकृति पंजीकरण शुल्क में नियमों के अंतर्गत शामिल बुनियादी सुविधा के रूप में दी जाएगी। 20 यूनिट की सीमा से अधिक के बिजली खर्च पर, अतिरिक्त यूनिटों के लिए, वास्तविक आधार पर प्रयोज्य शुल्क लागू रहेगा। **(4) आवेदन जमा किया जाना:** दिनांक 28.05.2025 को 15.00 बजे के अंदर। **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कक्ष सं. 44, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014** को संबोधित करते हुए कागजात की प्रतिलिपि (जैसा कि ऊपर पात्रता मानदंड में उल्लिखित है) के साथ संगठन के लेटरहेड/सादे सफेद कागज की शीट में आवेदन संबंधित स्टेशनों के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक/बुकिंग सुपरवाइजर के कार्यालय में निर्धारित स्थान पर मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाएगा। **एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में:** दिनांक 28.05.2025 **को 16.00 बजे** संबंधित स्टेशनों पर खुली लॉटरी/सार्वजनिक ड्रॉ निकाला जाएगा। चिह्नित उत्पादों सहित स्टेशनों के नाम, भागीदारी के लिए पात्रता मानदंड, समर्थित कागजात और ईओआई कागजातों के साथ विस्तृत नियम और शर्तों को आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है और इन्हें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कक्ष सं. 44, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 के कार्यालय में सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# मुख्यमंत्री की अपील के बाद कई निजी स्कूलों ने नौ मई से गर्मियों की छुट्टियां कीं घोषित

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के मद्देनजर शैक्षणिक संस्थानों से एक सप्ताह पहले छुट्टियां देने का आग्रह किए जाने के बाद राज्य के कई निजी स्कूलों ने शुक्रवार से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। सेंट जेवियर्स इंस्टीट्यूशन-सोदपुर, जूलियन डे स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क उन स्कूलों में शामिल हैं, जिन्होंने ममता बनर्जी की अपील के बाद शुक्रवार से ग्रीष्मकालीन छुट्टियों की घोषणा की है। सोदपुर स्थित सेंट जेवियर्स इंस्टीट्यूशन की प्रधानाचार्य लिपिका घोष ने कहा कि हमने 13 मई तक कक्षाएं आयोजित करने का कार्यक्रम



बनाया था। लेकिन, उभरते हालात को देखते हुए और मुख्यमंत्री के सुझाव के अनुसार हमने छुट्टी की तारीख को कुछ दिन पहले कर दिया है। जूलियन डे स्कूल के प्रवक्ता ने कहा कि हमने मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि 16 मई से बदलकर नौ मई कर दी है। दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क ने भी शुक्रवार से एक महीने की छुट्टियों की घोषणा की है। ला मार्टिनियर स्कूल फॉर बॉयज एंड गर्ल्स के सचिव सुप्रियो धर ने कहा कि मुख्यमंत्री के अनुरोध के बाद, हमने आज से 16 मई तक ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने का फैसला किया है। हमने पहले 17 मई से छुट्टियां करने की घोषणा की थी और वह बरकरार है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बुधवार को राज्य के निजी स्कूलों से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मद्देनजर नौ मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने की अपील की थी।

## दो जून से खुलेंगे राज्य के सरकारी स्कूल, निर्देश जारी

स्कूलों को 30 अप्रैल से अवकाश दिया गया है। गर्मी की छुट्टियों के बाद शिक्षा विभाग ने राज्य में सरकारी और सरकारी वित्त पोषित स्कूलों को खोलने की घोषणा की है। राज्य में दो जून को गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल खुलेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने गुरुवार को दिशा-निर्देश जारी कर यह बात कही। राज्य सरकार के अंतर्गत आने वाले स्कूलों को भीषण गर्मी के लिए 30 अप्रैल से अवकाश दिया गया है। प्राथमिक से लेकर कक्षा 12 तक की प्रत्येक कक्षा में छुट्टियां होती हैं। हालांकि, उस समय स्कूल फिर से खुलने की घोषणा नहीं की गई थी। सिर्फ इतना कहा जा रहा है कि अगले दिशा-निर्देश जारी होने तक स्कूलों में छुट्टियां होंगी। इस घोषणा के बाद कुछ शिक्षकों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि इस अनिश्चितकालीन अवकाश से छात्रों की शिक्षा को नुकसान होगा। साल के अंत में अधिक दबाव पड़ेगा। खासकर जो लोग इसे उच्चतर माध्यमिक को देंगे, उन्होंने आशंका जताई कि उन्हें समस्या होगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने नए दिशा-निर्देश जारी करने के बाद कहा कि 2 तारीख को सभी स्कूल खुल रहे हैं।

## युद्ध जैसे हालात में हाई अलर्ट, विकास भवन के सामने से प्रदर्शनकारी शिक्षकों को हटने का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। देशभर में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। सीमा से सटे इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। राज्य सरकार का सचिवालय नवान्न लगातार केंद्र सरकार के साथ बैठक कर रहा है। इस बीच पश्चिम बंगाल में मॉक ड्रिल भी की जा चुकी है। ब्लैकआउट की स्थिति में क्या करना होगा, इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है। ऐसे संवेदनशील समय में विकास भवन के सामने प्रदर्शन कर रहे योग्य शिक्षकों को हटने का निर्देश जारी किया गया है। विधाननगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि भारत में वर्तमान में युद्ध जैसे हालात हैं। राज्य सरकार ने सभी सरकारी विभागों, विशेष रूप



से आपात सेवाओं से जुड़े विभागों को सतर्क रहने को कहा है। इस स्थिति में संबंधित सड़क को खाली कराने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नौकरी से वंचित तीन संगठनों के सदस्य अप्रैल महीने से विकास भवन के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे थे। बीच में वे वहां से हटकर अन्य जगह गए थे, लेकिन बुधवार से वे दोबारा वहीं धरने पर बैठ गए। अब इस संकटपूर्ण परिस्थिति को देखते हुए विधाननगर पुलिस ने उन्हें वहां से हटने का निर्देश दिया है।

## राज्य के कुछ जिलों में आज से लू चलने का अनुमान : मौसम विभाग

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों और उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में 10 मई से लू चलने का अनुमान है। भारत मौसम विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि क्षेत्र में पश्चिम से उत्तर-पश्चिम की ओर शुष्क हवाएं चलने के कारण 12 मई तक दक्षिण बंगाल के अधिकांश स्थानों पर गर्म और आर्द्र स्थिति बनी रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि दक्षिण बंगाल के जिलों पश्चिम बर्दवान, बीरभूम, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम और पश्चिम मेदिनीपुर में लू चलने की संभावना है, जिसमें दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तथा सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक हो सकता है। इसमें कहा गया है कि उत्तर बंगाल के उत्तर दिनाजपुर और मालदह जिलों में भी 11 मई तक लू चलने का अनुमान है।

# बांग्लार बाड़ी परियोजना की दूसरी किस्त मिलेगी इसी महीने, रहेगी कई शर्तें

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य बांग्लार बाड़ी परियोजना के लिए धनराशि की दूसरी किश्त वितरित करने वाला है। यह पैसा इसी महीने ग्राहकों के खातों में पहुंच जाएगा। पंचायत विभाग ने गुरुवार से प्रत्येक जिला मजिस्ट्रेट को यह धनराशि भेजना शुरू कर दिया है। नवान्न सूत्र के अनुसार, केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को दूसरी किस्त मिलेगी जिनके मकान लिंटल या लिंटन तक हैं। इस सूची में 795,000 उपभोक्ता हैं। मकान बनाने के लिए पैसा इस महीने से खाते में आना शुरू हो जाएगा। बांग्लार बाड़ी परियोजना की 60,000 रुपए की पहली किस्त का भुगतान पिछले वर्ष दिसंबर में शुरू हुआ था। नियमानुसार, उस पैसे से



मकान की लाइनिंग भी बनवाई जानी थी। पंचायत कार्यालय नियमित रूप से शेष चार लाख लाभार्थियों की निगरानी भी कर रहा है, जिन्हें इस चरण में पैसा नहीं मिल रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे लिंटन तक अपने घरों का निर्माण शीघ्र पूरा कर लें। नवान्न के एक अधिकारी के अनुसार, मान लीजिए कि किसी मोहल्ले में दो उपभोक्ता हैं। उनमें से एक लिंटन तक पहुंच गया, और दूसरा नहीं पहुंच सका। उस स्थिति में, पहले व्यक्ति को पैसा मिलेगा। आपको दूसरा तुरंत नहीं मिलेगा। और जब उसे पैसे नहीं मिलते, तो दूसरा व्यक्ति पैसे पाने के लिए लिंटन तक तेजी से काम करना शुरू कर देता है। राज्य की 'मानक संचालन प्रक्रिया' के अनुसार, उपभोक्ता को दूसरी किस्त का भुगतान तभी किया जाएगा जब लिंटन तक कार्य आगे बढ़ जाएगा। निर्धारित समय सीमा के भीतर लगभग आठ लाख उपभोक्ताओं ने ऐसा किया।

## आईआईटी खड़गपुर आत्महत्या मामला : छात्र की मौत पर दर्ज होगी एफआईआर

**पश्चिम मेदिनीपुर :** आईआईटी खड़गपुर ने तीसरे वर्ष के सिविल इंजीनियरिंग छात्र मो. आसिफ कमर की संदिग्ध मौत के मामले में एफआईआर दर्ज कराने का फैसला किया है। संस्थान ने गत 4 मई को छात्र का शव हॉस्टल के कमरे में मिलने के बाद स्थानीय पुलिस को तुरंत सूचित किया था, लेकिन अब औपचारिक रूप से प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। आईआईटी खड़गपुर के कार्यवाहक निदेशक अमित पात्रा ने बताया कि पहले पुलिस को मौखिक और लिखित सूचना दी गई थी, लेकिन अब कानूनी प्रक्रिया के तहत एफआईआर दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा किसी भी अप्राकृतिक घटना के बाद पुलिस को सूचित किया है। कमर के मामले में भी हमने यही किया। अब संस्थान कानून के अनुसार एफआईआर दर्ज कर रहा है ताकि जांच पूरी प्रक्रिया के तहत हो सके। उल्लेखनीय है कि मो. आसिफ कमर का शव पं. मदन मोहन मालवीय हॉल ऑफ रेजिडेंस के कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला था। बता दें कि जनवरी से अब तक आईआईटी खड़गपुर में तीन छात्र आत्महत्याएं कर चुके हैं, जिससे संस्थान पर सवाल उठने लगे हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने आईआईटी खड़गपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और संस्थागत तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस बीच, संस्थान ने हालिया आत्महत्याओं की जांच और भविष्य में ऐसे मामलों को रोकने के लिए सुझाव देने हेतु एक समिति गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## कोलकाता में बांग्लादेशी परिवार के चार सदस्य फर्जी भारतीय पासपोर्ट के साथ गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के बीच कोलकाता में सुरक्षा नियंत्रण संगठन (एससीओ) ने एक ऐसे परिवार के चार सदस्यों की पहचान की है, जिनके पास एक साथ भारतीय और बांग्लादेशी पासपोर्ट पाए गए हैं। इन चारों के खिलाफ कोलकाता के करया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और इन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इनके नाम विजय मोदी, उनकी पत्नी कासौल्या मोदी और उनके दो बेटों दिलीप मोदी और आशीष मोदी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि यह परिवार वैध बांग्लादेशी वीजा पर भारत आया था और दक्षिण कोलकाता के पाम एवेन्यू इलाके में बस गया था। लेकिन वीजा की अवधि समाप्त होने के बावजूद इन्होंने भारत में रहना जारी रखा। इस दौरान इन लोगों ने कथित रूप से फर्जी भारतीय दस्तावेज तैयार कराए, जिनमें आधार और मतदाता पहचान पत्र शामिल हैं। इन्हीं के आधार पर उन्होंने भारतीय पासपोर्ट भी हासिल कर लिए। एससीओ को संदेह हुआ जब यह पाया गया कि वीजा समाप्त होने के बाद भी परिवार बांग्लादेश वापस नहीं गया। जांच में खुलासा हुआ कि परिवार फर्जी दस्तावेजों के सहारे भारतीय नागरिक बनकर कोलकाता में रह रहा था।

### इकबालपुर से पासपोर्ट के लिए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र उपयोग करने वाला गिरफ्तार

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध को लेकर बंगाल में ममता सरकार अलर्ट पर है। इस बीच, कोलकाता पोर्ट अंचल के एक युवक को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का इस्तेमाल कर पासपोर्ट के लिए आवेदन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, इकबालपुर निवासी अब्दुल वासीद नामक युवक को कोलकाता पुलिस की एससीओ ने गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, युवक ने दो महीने पहले पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। उसने विभिन्न दस्तावेजों के साथ जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। इससे जांचकर्ताओं में संदेह पैदा हो गया। प्रारंभ में, जांचकर्ताओं को पता चला कि हावड़ा की एक ग्राम पंचायत से अब्दुल वासीद के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया था। जांचकर्ताओं का दावा है कि अब्दुल वासिद का जन्म प्रमाण पत्र, जो हावड़ा जिला प्रशासन से संपर्क करके प्राप्त किया गया था, जांच में फर्जी पाया गया है। इसके बाद, शुक्रवार को उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।

## हावड़ा डिवीजन ने बाली स्टेशन पर चलाया टिकट जांच अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन ने बाली रेलवे स्टेशन पर एक व्यापक टिकट जांच अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया, जिसे सहायक वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में और वरिष्ठ डिवीजनल वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशों के तहत संचालित किया गया। इस पहल का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा को नियंत्रित करना और यात्रियों को रेलवे नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। इस अभियान के दौरान, एक समर्पित टीम जिसमें यात्रा टिकट परीक्षक और रेलवे सुरक्षा बल के कर्मी शामिल थे। सुरक्षा कर्मियों की उपस्थिति से यात्रा के दौरान यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। हावड़ा के एसीएम के साथ मुख्य टिकट निरीक्षक/स्क्वाड इंचार्ज और एक वाणिज्य निरीक्षक भी उप-



स्थित थे। जिन्होंने पूरे अभियान की निगरानी और समन्वय किया। इस अभियान के परिणामस्वरूप 129 मामलों का पता चला, जिसमें यात्री बिना वैध टिकट के यात्रा कर रहे थे या टिकट में गड़बड़ी थी। मौके पर 44,825 का जुर्माना वसूला गया। यह परिणाम डिवीजन की न्यायपूर्ण यात्रा सुनिश्चित करने और दोषियों को हतोत्साहित करने की ठोस दिशा को दर्शाता है।

## मंगलवार से पर्पल लाइन पर चलेगी 62 सेवाएं

**पहली सर्विस 07.57 बजे और अंतिम सेवा 20.00 बजे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए, मेट्रो रेलवे प्राधिकरण 13 मई (मंगलवार) से जोका और माजेरहाट मेट्रो स्टेशनों के बीच पर्पल लाइन पर मेट्रो सेवाएं बढ़ाने जा रहे हैं। इस खंड पर कुल 62 सेवाएं (31 अप + 31 डाउन) उस दिन से 24 मिनट के अंतराल पर संचालित की जाएंगी। वर्तमान में, पर्पल लाइन पर सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन 40 सेवाएं (20 अप + 20 डाउन) संचालित की जा रही हैं। इस कॉरिडोर पर सेवा



घंटे भी 08:27 बजे से 15:43 बजे के स्थान पर 07:57 बजे से 20:17 बजे तक बढ़ाए जा रहे हैं। शनिवार और रविवार को सामान्यतः कोई सेवा नहीं होगी। मंगलवार से इस रूट पर प्रथम सेवा माझेरहाट से 08.27 बजे के बजाय 07.57 बजे और 08.30 बजे के स्थान पर जोका से 08.00 बजे तक चलेगी। वहीं, अंतिम सेवा जोका व माजेरहाट से 15.28 बजे के बजाय 20.00 बजे और माझेरहाट से 20.00 बजे तक चलेगी।

## हावड़ा डिवीजन के 100 गौरवशाली वर्षों का तारकेश्वर स्टेशन पर उत्सवपूर्ण आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन की स्थापना के 100 वर्षों को चिह्नित करते हुए तारकेश्वर रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को एक भव्य और सामुदायिक गतिविधियों से परिपूर्ण आयोजन किया गया। यह आयोजन डिविजनल रेलवे मैनेजर संजीव कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, स्थानीय निवासियों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग प्रभात फेरी से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने स्टेशन परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में मार्च कर एकता, सांस्कृतिक विरासत और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश प्रसारित किया। इसके बाद हावड़ा डिवीजन की उपलब्धियों, ऐतिहासिक यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर आधारित जानकारी-




परक पर्चे लोगों के बीच वितरित किए गए। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए स्टेशन परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें रेलवे अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों द्वारा दर्जनों पौधे लगाए गए। इसके साथ ही एक विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया, जिसमें स्टेशन परिसर और उसके आसपास की साफ-सफाई की गई। यह आयोजन हावड़ा डिवीजन की एक सदी की सेवा, नवाचार और सामाजिक सहभागिता को सम्मान देने के उद्देश्य से वर्षभर चलने वाले उत्सवों की श्रृंखला का हिस्सा है।

## पूर्व रेलवे में सुरक्षा व्यवस्था हुई सख्त, आरपीएफ ने बढ़ाई निगरानी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के क्षेत्र में उभरी तात्कालिक स्थिति को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे प्रोटेक्शन स्पेशल फोर्स ने राज्य पुलिस व स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर प्रमुख रेलवे स्टेशनों और रेलवे ट्रैकों पर निगरानी बढ़ा दी है। पूर्व रेलवे के सुरक्षा विभाग द्वारा मौजूदा सुरक्षा उपायों के अतिरिक्त कुछ विशेष कदम उठाए गए हैं। इन उपायों में यात्रियों को संभावित सुरक्षा खतरों के प्रति जागरूक



करने के लिए प्रमुख रेलवे स्टेशनों व आसपास के क्षेत्रों में जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशनों और लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर आरपीएफ और आरपीएसएफ की तैनाती की गई है। रेलवे ट्रैक और स्टेशनों पर नियमित गश्त की जा रही है। सुरक्षा जांच को और प्रभावी बनाने के लिए स्टेशनों पर लगेज स्कैनर, पार्सल स्कैनर और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर की मदद से गहन जांच की जा रही है। प्रमुख रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों (मेल/एक्सप्रेस एवं ईएमयू) में डॉग स्क्वाड की भी तैनाती की गई है। भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे पीआरएस काउंटर, क्लॉक रूम, वेटिंग हॉल, शौचालय और कांकर्स क्षेत्र पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके अलावा, संवेदनशील स्टेशनों और आसपास के इलाकों में रूट मार्च भी किया जा रहा है।

## एक सदी से कायम कॉल्विन कोर्ट, रेलवे इतिहास की जीवंत पहचान बना

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर जारी लेखमाला के 18वें दिन चर्च रोड, हावड़ा पर स्थित ऐतिहासिक कॉल्विन कोर्ट को केंद्र में रखा गया है। 1925 में निर्मित यह प्रतिष्ठित हेरिटेज हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, ब्रिटिश काल में ईस्ट इंडियन रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आवासीय परिसर के रूप में बनाया गया था। आज, लगभग एक सदी बाद भी यह पूर्व रेलवे के अधिकारियों के आवास के रूप में उपयोग में है, जो इसकी उपयोगिता और निर्माण गुणवत्ता का प्रमाण है। हावड़ा स्टेशन के पास और हुगली नदी के पश्चिमी तट पर स्थित कॉल्विन कोर्ट अपनी वास्तुशिल्प सुंदरता और व्यावहारिक डिजाइन के लिए प्रसिद्ध है। चार मंजिला इस इमारत की सबसे प्रमुख विशेषताओं में 20 फीट ऊंची छतें और 3626 इंच मोटी दीवारें हैं, जो




गर्मी में भी घर को ठंडा बनाए रखती हैं। सममित संरचना, विशाल बरामदे और मजबूत चिनाई इसे औपनिवेशिक युग की शिल्पकला का जीवंत उदाहरण बनाते हैं। सिर्फ एक आवासीय परिसर न होकर, कॉल्विन कोर्ट भारतीय रेलवे प्रशासन के विकास और औपनिवेशिक जीवनशैली के इतिहास को भी दर्शाता है। आज यह विरासत और आधुनिकता के समन्वय के साथ पूर्व रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए गरिमामयी आवास बना हुआ है, जो स्थापत्य की कालातीत भव्यता और दूरदर्शिता का प्रतीक है।

## रवींद्र जयंती पर जोड़ासांको ठाकुर बाड़ी में श्रद्धा और सेवा का संगम



**कोलकाता, समाज्ञा :** रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के पावन अवसर पर जोड़ासांको ठाकुर बाड़ी में कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए हजारों श्रद्धालु पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों से जुटे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एवं पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष डॉ. सुकांत मजूमदार, तापस रॉय, तमोघना घोष, पार्षद विजय ओझा, राजीव सिन्हा, पूर्णिमा चक्रवर्ती, प्रमोद सिंह, भोला सोनकर, अनिल खैरवार, संजय मिश्रा और सुबोध दास समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक संस्था मैं नहीं हम द्वारा किया गया था, जिसमें भाग लेकर विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधियों ने कविगुरु की स्मृति को नमन किया। इस अवसर पर धार्मिक सामाजिक संस्था 1008 बाबा बासुकीनाथ कांवड़िया संघ और मैं नहीं हम संस्था की ओर से श्रद्धालुओं को शीतल पेय जल और मिठाई वितरित की गई, जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी में राहत मिली। कार्यक्रम ने श्रद्धा, संस्कृति और सेवा की मिसाल पेश की।

### न्यूज अपडेट

## उज्जीवन एसएफबी की जमा राशि में 20% की वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2025 की अंतिम तिमाही के लिए शानदार वित्तीय प्रदर्शन की सूचना दी, जिसमें सकल ऋण पुस्तिका तिमाही-दर-तिमाही 5% बढ़कर 32,122 करोड़ हो गई और जमा राशि साल-दर-साल 20% बढ़कर 37,630 करोड़ हो गई। बैंक ने तिमाही में 39% साल दर साल की वृद्धि के साथ 7,440 करोड़ का अब तक का सबसे अधिक संवितरण भी दर्ज किया। एक मुख्य आकर्षण सुरक्षित ऋणों की बढ़ती हिस्सेदारी थी, जो अब पोर्टफोलियो का 44% है, जबकि तीसरी तिमाही में यह 39% और एक साल पहले 30% था। सकल और शुद्ध एनपीए में क्रमशः 2.2% और 0.5% की गिरावट के साथ परिसंपत्ति की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ, जबकि प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) 78% रहा। सीईओ संजीव नौटियाल ने कहा कि बैंक ने उद्योग में सर्वोत्तम पोर्टफोलियो गुणवत्ता बनाए रखी है और फरवरी 2025 में आरबीआई के पास सार्वभौमिक बैंक लाइसेंस के लिए आवेदन किया है।

## महिलाओं के आत्मविश्वास और सुख में सुरक्षा की बड़ी भूमिका: गोदरेज हैप्पीनेस इंडेक्स सर्वे

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस बिजनेस द्वारा जारी 'हैप्पीनेस इंडेक्स सर्वे' में यह सामने आया है कि 75% से अधिक महिलाएं सुरक्षा को अपने समग्र सुख का एक अहम आधार मानती हैं। सर्वे में भाग लेने वाली 96% महिलाओं ने तकनीक-एकीकृत सुरक्षा समाधान को प्राथमिकता दी, जिसमें वाई-फाई होम कैमरा, वीडियो डोर फोन और सुरक्षा गार्ड शामिल हैं। 45% महिलाओं ने स्मार्ट होम कैमरे को आत्मविश्वास का सबसे बड़ा स्रोत बताया, खासकर जब उन्हें बच्चों या बुजुर्गों को घर पर छोड़कर बाहर जाना होता है। गोदरेज के वरिष्ठ अधिकारी पुष्कर गोखले के अनुसार, सुरक्षा केवल भौतिक नहीं बल्कि मानसिक शांति और आत्मबल का भी आधार है। सर्वे यह भी दर्शाता है कि 94% महिलाएं सुरक्षा को शांति और सुख के प्रमुख कारणों में गिनती हैं, जिससे स्पष्ट है कि सुरक्षित माहौल महिलाओं के आत्मविश्वास और जीवन की गुणवत्ता में अहम योगदान देता है।

## टाटा मोटर्स का अत्याधुनिक व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने कोलकाता में अपनी रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी (आरवीएसएफ) का उद्घाटन किया। यह देश में इस प्रकार की आठवीं फैसिलिटी है, जो पर्यावरण के अनुकूल और स्थायी प्रक्रियाओं को अपनाती है। इस फैसिलिटी की क्षमता हर साल 21,000 अनुपयोगी वाहनों को सुरक्षित तरीके से स्क्रैप करने की है। इसका संचालन टाटा मोटर्स के पार्टनर सेलाडेल सिनर्जीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में पश्चिम बंगाल सरकार के परिवहन मंत्री स्नेहासिस चक्रवर्ती, कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और पश्चिम बंगाल सरकार के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। मंत्री चक्रवर्ती ने इस फैसिलिटी को सर्कुलर अर्थव्यवस्था के अवसर प्रदान करने वाला बताया, जबकि हकीम ने इसे राज्य के पर्यावरणीय बोझ को कम करने में मददगार बताया। टाटा मोटर्स के राजेश कौल ने कहा कि कंपनी पर्यावरण मित्र परिवहन समाधान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ब्राह्मणों ने देश भर में परशुराम आह्वान अनुष्ठान किया आरंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** विप्र फाउंडेशन के आह्वान पर लोगों ने व्यापक स्तर पर शुक्रवार से परशुराम मंत्र का जाप आरंभ कर दिया जो तीन दिनों तक घर-घर और सार्वजनिक स्थानों पर चलेगा। विफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भरतराम तिवारी ने बताया कि विद्वान, साधकों द्वारा एक करोड़ बीज मंत्र तथा जन साधारण द्वारा ग्यारह करोड़ नाम जाप से चिरंजीवी भगवान परशुराम का आह्वान किया जायेगा। राष्ट्रीय सचिव राजकुमार व्यास ने कहा कि सरहद पर मोर्चा संभाले रणबांकुरों में अपराजेय शक्ति का समावेश व प्रत्येक भारतवासी में ऊर्जा का संचार ही इस अनुष्ठान का उद्देश्य है। राजस्थान ब्राह्मण संघ अध्यक्ष दुर्गा व्यास ने कहा कि हमारे इस सिंदूरी संकल्प को जिस प्रकार का समर्थन मिल रहा है वह अकल्पनीय है। विप्र फाउंडेशन पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष



किशन गोस्वामी ने आराध्य देव परशुराम से पूरे देश की सेनाओं के पराक्रम हेतु हम सभी आज से आगामी तीन दिन हम नाम जप करेंगे। इधर, इस दिन, बड़ाबाजार के सप्तऋषि भवन में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति में परशुराम मूर्ति के समक्ष मंत्र साधना और नाम जप हुआ। राजस्थान ब्राह्मण संघ के सचिव महेश शर्मा पार्षद ने कहा की आज समूह में शुरुआत की है यह सिलसिला बहुत आगे जायेगा। पार्षद विजय ओझा ने अपील की की अगले तीन दिनों तक हम सब घर-घर में कम से कम ग्यारह माला जाप कर सैनिकों की हिफाजत सुनिश्चित करें। विप्र फाउंडेशन पश्चिम बंगाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में प. शिवकिशन किराडू, श्रीलाल ओझा, राधेश्याम सुरावत, गणेश डोकवाल, पवन शर्मा, अनिल दत्त शर्मा, सुशील ढंड, सचिन शर्मा, गणेश जोशी, भरत जोशी, सोनू सुरोलिया, अमृत उपाध्याय आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## श्री जैन विद्यालय, हावड़ा में रवींद्र जयंती हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, हावड़ा के सुसज्जित सभागार में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित विश्वकवि रवींद्रनाथ ठाकुर की 164वीं जयंती अत्यंत ही हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। समारोह का शुभारंभ गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर के भव्य चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर कविगुरु द्वारा रचित नबो आनंदे जागो नब रवि किरने एवं आमर मुक्ति आलोय आलोय गीतों का सामूहिक गायन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में छात्रों ने बांग्ला और अंग्रेजी में रवींद्रनाथ ठाकुर की विभिन्न कविताओं का पाठ, नृत्य और लघु नाटिका 'विदूषक' का मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ, ही 'गीतांजलि' की कविताओं



का विशेष काव्य-पाठ प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्राचार्या इंदु जोसेफ चौधुरी ने कविगुरु के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके रचनात्मक आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की सफलता में शिक्षकों सुदेशना भट्टाचार्य, दिव्येदु भट्टाचार्य, अमिता नंदन, स्वागत सरकार, सपना चक्रवर्ती, दीपशिखा तिवारी, अनामिका तिवारी, पायल भद्रा, मोमिता दास, सोमनाथ मुंशी, अनन्या बाघ, सुजय बारीक, विनिता भट्टाचार्य एवं शिक्षक प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# किसान जमीन बेचकर नहीं बन सकते अमीर, उन्नत खेती ही बनेगी उनकी समृद्धि का आधार : बंगा



**लखनऊ:** विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने शुक्रवार को कहा कि किसान जमीन बेचकर अमीर नहीं बन सकते, बल्कि उन्हें समृद्ध बनने के लिए उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा। बंगा शुक्रवार को अपनी टीम के साथ यहां पहुंचे, जहां उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान बंगा ने राज्य में हो रहे विकास कार्यों और मुख्यमंत्री के नेतृत्व की जमकर सराहना की। स्वागत से अभिभूत बंगा ने कहा ,'ऐसा लग रहा है कि मानो मैं अपने घर वापस आ गया हूं। उत्तर प्रदेश में मेरा ससुराल है और 12 साल बाद यहां आकर मैं हर क्षेत्र में बदलाव देख रहा हूं। योगी आदित्यनाथ में दृष्टिकोण, दृढ़ता और ऊर्जा है।' एक बयान के मुताबिक अजय बंगा ने कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास भारत को वैश्विक मंच पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश ही विकसित भारत का आधार बनेगा। बंगा ने कहा, 'किसान जमीन बेचकर अमीर नहीं बन सकते, उन्हें उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा।

## उत्तर प्रदेश को 'एक लाख करोड़ डॉलर' अर्थव्यवस्था बनाने में विश्व बैंक की अहम भूमिका: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश को उन्नत प्रदेश बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने दो प्रमुख कार्यक्रमों की शुरूआत की। शुक्रवार को विश्व बैंक के सहयोग से उत्तर प्रदेश में 'उप्र-एग्रीस' कार्यक्रम को लागू किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए राज्य के पूर्वांचल एवं बुंदेलखंड क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकी पर आधारित खेती को बढ़ावा मिलेगा। फलस्वरूप कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी और 10 लाख किसानों को फायदा होगा। इसी प्रकार, राज्य सरकार की एक और बड़ी परियोजना 'एआई प्रज्ञा' भी शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुरू की। इसके जरिए उत्तर प्रदेश को कृत्रिम मेधा के केंद्र के तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। इस परियोजना के जरिए राज्य में 10 लाख युवाओं को कृत्रिम मेधा के विभिन्न पहलुओं में दक्ष बनाया जाएगा। एक बयान के मुताबिक इन दोनों कार्यक्रम के प्रारंभ होने पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'उत्तर प्रदेश देश की विकास गाथा का पर्याय है। आज सारे विश्व ने मान लिया है कि उत्तर प्रदेश रूकावट नहीं, बल्कि भारत का 'ग्रोथ इंजन' है। दोनों ही कार्यक्रम प्रदेश के 'एक लाख करोड़ डॉलर' की अर्थव्यवस्था बनने का सपना साकार करेंगे।' उन्होंने 'उप्र-एग्रीस' परियोजना में विश्व बैंक की सहभागिता का आभार जताते हुए कहा कि इस परियोजना के जरिए कृषि उत्पादकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी जो किसानों की उन्नति का कारण बनेगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पटना के छात्रावास में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**पटना:** पटना के एक छात्रावास में अज्ञात हमलावरों ने 21 वर्षीय एक युवक की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड निवासी चंदन के रूप में हुई है। सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) (पटना) अतुलेश झा ने संवाददाताओं से कहा, 'पुलिस को बृहस्पतिवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे सूचना मिली कि सैदपुर छात्रावास में कुछ अज्ञात लोगों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। हम तत्काल मौके पर पहुंचे। शव पर गोलियों के निशान थे।' उन्होंने कहा, 'फोरेंसिक विशेषज्ञों को बुलाया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।' झा ने कहा कि आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सैदपुर छात्रावास पटना शहर क्षेत्र में स्थित है और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए बड़ी संख्या में छात्र यहां रहते हैं।

### संभल में बीमा राशि हड़पने के लिए भाई की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**संभल (उप्र) :** संभल जिले के बहजोई थानाक्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित रूप से 95 लाख रुपये की बीमा राशि हड़पने के लिए अपने ही भाई की हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी भाई समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि संजय (50) की 20 जून, 2024 को बहजोई थाना क्षेत्र में मौत हुई थी जिसकी जांच करने पर यह पता चला कि उसके भाई नवीन ने ई-रिक्शा से गिराकर उसे मार डालने की साजिश रची थी। उन्होंने बताया, ''कथित हत्या के 17 दिन बाद, छह जुलाई, 2024 को नवीन ने बहजोई थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई और झूठा दावा किया कि उसके भाई की मौत सड़क दुर्घटना के कारण हुई है।' पुलिस अधीक्षक के अनुसार शुरुआत में, स्पष्ट सबूतों के अभाव में पुलिस ने 14 सितंबर, 2024 को मामले में अंतिम रिपोर्ट (एफआर) दाखिल की, जिससे यह मामला प्रभावी रूप से बंद हो गया। हालांकि, एक बीमा कंपनी से मिली सूचना के बाद मामले को फिर से खोला गया।

### बिहार के मंत्री सुनील कुमार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद लगाया सिंदूर का पौधा

**पटना:** बिहार के मंत्री सुनील कुमार ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ढांचों को ध्वस्त करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू करने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के समर्थन में गोपालगंज जिले में शुक्रवार को सिंदूर का एक पौधा लगाया। कुमार ने थावे मंदिर के परिसर में सिंदूर का पौधा लगाया। यह देवी दुर्गा को समर्पित एक पुराना मंदिर है, जिन्हें 'थावे वाली माता' के नाम से जाना जाता है।

### मेरठ में मुठभेड़ के दौरान गोकशी का आरोपी घायल, 170 किलो गौमांस बरामदः पुलिस

**मेरठ :** जिले में कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के पावली खास गांव में शुक्रवार को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल होने के बाद गोकशी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मौके से करीब 170 किलोग्राम गौमांस, एक तमंचा, कारतूस तथा गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। नगर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने बताया 'पुलिस को सूचना मिली थी कि पावली खास गांव में मोहसिन और शाहिद नामक व्यक्ति अपने घर में गौकशी कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर दोनों आरोपी भागने लगे और पीछा करने पर उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी।' उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में मोहसिन के दाहिने पैर में गोली लगी। उसे गिरफ्तार कर अस्पताल ले जाया गया। उसका साथी शाहिद उर्फ मामा फरार हो गया। सिंह के अनुसार, 'मोहसिन के घर से गाय के अवशेष, लगभग 170 किलो गौमांस, 315 बोर का एक तमंचा, कारतूस, तराजू और गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं।'

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान की स्थिति की समीक्षा की



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को यहां राज्य के ताजा हालात की समीक्षा की और सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों से फीडबैक लिया। एक प्रवक्ता ने बताया कि शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंचे जहां अधिकारियों ने उन्हें मौजूदा हालात की जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के मद्देनजर सतर्क रहने और सारी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शाम को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक करेंगे। इस बीच, जैसलमेर के जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने ड्रोन संचालकों को अपने ड्रोन आज ही नजदीकी थानों में जमा करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पटाखों की बिक्री और फोड़ने पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह शाम पांच बजे तक बाजार बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। शाम छह बजे से 12 घंटे के लिए 'ब्लैकआउट' शुरू हो जाएगा। लोगों को घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने या ढ़ककर रखने को कहा गया है ताकि रोशनी बाहर न आए। छात्रावास और पुस्तकालय भी बंद कर दिए गए हैं।

## पाकिस्तान के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**संभल (उप्र):** संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर पाकिस्तान के समर्थन में कथित तौर पर सामग्री पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस को 'साइबर पेट्रोलिंग' के दौरान बहजोई थाना क्षेत्र में मोहम्मद रियाज (25) द्वारा पाकिस्तान के समर्थन में किया गया एक पोस्ट नजर आया तथा आरोपी ने अपने 'इंस्टाग्राम प्रोफाइल पिक्चर' के रूप में पाकिस्तानी झंडा भी दिखाया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रियाज ने उक्त पोस्ट में 'चाहे कुछ भी हो जाए, हमें पाकिस्तान का समर्थन करना है' लिखा था। एसपी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और (बीएनएस) की धारा 152 (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाली कार्रवाई) के तहत उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## घबराने की जरूरत नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें : मुख्यमंत्री भगवंत मान



**चंडीगढ़:** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। साथ ही उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जिलों में मंत्रियों को जिम्मेदारी दी जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी या जमाखोरी न करे। मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता करने के बाद मान ने कहा, 'घबराने की कोई जरूरत नहीं है। किसी भी अफवाह पर भरोसा न करें। पंजाब में तेल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल पंपों पर कतार में लगने की जरूरत नहीं है।' ऐसी खबरें हैं कि अमृतसर, पठानकोट और पंजाब के अन्य शहरों में लोग दालें, खाद्य तेल, आटा, चीनी और नमक जैसी जरूरी चीजें थोक में खरीद रहे हैं। पंजाब में हाई अलर्ट जारी है और राज्य सरकार ने दोनों देशों के बीच जारी सैन्य संघर्ष के मद्देनजर शुक्रवार को सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। इस बीच, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर 'पंजाब रेड क्रॉस सोसाइटी' के मुख्यालय से राज्यव्यापी विशेष रक्तदान अभियान की शुरुआत की। यह अभियान पंजाब के सभी 23 जिलों में एक साथ चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में रक्त की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री को फोन किया, तैयारियों और सुरक्षा उपायों की जानकारी ली



**अहमदाबाद:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत -पाकिस्तान तनाव के बीच शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को फोन किया और सीमावर्ती राज्य होने के नाते गुजरात की सुरक्षा तैयारियों के बारे में जानकारी ली। गुजरात की जमीनी और समुद्री सीमा पाकिस्तान से लगती है। पटेल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझसे टेलीफोन पर बात की और सीमावर्ती राज्य होने के नाते मौजूदा हालात में गुजरात की ओर से की गई तैयारियों और अग्रिम सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी ली... उन्होंने जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। पटेल के मुताबिक, मोदी को राज्य सरकार की ओर से नागरिकों, खासतौर पर सीमावर्ती जिलों--कच्छ, बनासकांठा, पाटन और जामनगर में रहने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी दी गई। भारत ने बृहस्पतिवार रात जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य जगहों पर सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम कर दिया। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। पटेल ने शुक्रवार सुबह विभिन्न विभागों के प्रमुखों और सशस्त्र बलों के अधिकारियों से मुलाकात की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बलों को राज्य में अपने अभियान चलाने में किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच बृहस्पतिवार रात गुजरात के सीमावर्ती जिलों-कच्छ और बनासकांठा के कई हिस्सों में सात घंटे से अधिक समय तक पूर्ण 'ब्लैकआउट' रहा। कच्छ और बनासकांठा दोनों जिले पाकिस्तान की सीमा से सटे हैं। अधिकारियों ने पुष्टि की कि भुज, नलिया, नखत्राणा और गांधीधाम कस्बों सहित कच्छ के कई हिस्सों में पाकिस्तान की किसी भी आक्रामक हरकत को रोकने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर पूरी तरह से 'ब्लैकआउट' कर दिया गया है।

## पंजाब कैबिनेट ने सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए ड्रोन-रोधी प्रणाली को मंजूरी दी

**चंडीगढ़:** पंजाब कैबिनेट ने सीमा पार से हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए 51.41 करोड़ रुपये की लागत से ड्रोन-रोधी प्रणाली खरीदने को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। यह निर्णय पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के साथ 532 किलोमीटर लंबी सीमा पर नौ ड्रोन-रोधी प्रणाली लगाई जाएंगी। प्रवक्ता ने कहा कि ड्रोन-रोधी प्रणाली (एडीएस) की आवश्यकता दुश्मन के ड्रोन का पता लगाने और उन्हें बेअसर करने की क्षमता बढ़ाने के लिए महसूस की गयी है, जिससे सीमा पार से हथियारों, विस्फोटकों और नशीले पदार्थों की तस्करी को रोका जा सके। मान ने कहा कि इस पहल के लिए राज्य सरकार 51.41 करोड़ रुपये खर्च करेगी। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में ड्रोन-रोधी प्रणाली को प्राथमिकता और तत्काल आधार पर तैनात करने की आवश्यकता को राज्य सरकार ने मान्यता दी है। राज्य सरकार ने पहले घोषणा की थी कि वह पाकिस्तान से मानव-रहित यानों के माध्यम से मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए ड्रोन-रोधी प्रणाली तैनात करेगी। एक अन्य कदम में कैबिनेट ने लोगों को किफायती आवास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहरी संपदाओं की स्थापना और राज्य में अन्य विकास कार्यों को समय पर पूरा करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए प्रत्यक्ष खरीद के माध्यम से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए अपनी सहमति दी। प्रवक्ता ने कहा कि कैबिनेट ने अधिक शहरी संपदाओं की स्थापना के लिए आवास विभाग की भूमि पूलिंग योजना के लिए भी अपनी सहमति दी। उन्होंने कहा कि यह नीति लोगों को किफायती आवास सुविधाएं प्रदान करने में सहायक होगी।

# पंजाब और राजस्थान में तनाव के बीच कट रही हैं लोगों की रातें



**चंडीगढ़/जैसलमेर:** स्कूल बंद हैं, सड़कें और गलियां सूनी हैं, अधिकतर लोग अपने घरों के भीतर ही हैं और बीच-बीच में सायरन बज उठता है। भारत- पाकिस्तान तनाव के कारण देश के सीमावर्ती जिलों का अभी यही हाल है। शुक्रवार की सुबह यहां के बाशिंदे के लिए कुछ तनावपूर्ण थी। तनावपूर्ण रात के बाद शुक्रवार की सुबह इन जिलों में जनजीवन तो सामान्य रहा, लेकिन एक अजीब सी खामोशी के बीच लोगों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ झलक रही थीं। वह रात बहुत तनावपूर्ण थी। भारत और उसके उग्र पड़ोसी पाकिस्तान के मध्य युद्ध की आशंका के बीच इन सीमावर्ती जिलों में बिजली गुल रही, तेज धमाके खामोशी को चीर रहे थे और लोग काफी डरे हुए थे क्योंकि उनके घर सीमा पर स्थित हैं। हालांकि, बिना किसी अप्रिय घटना के रात कट गई और राजस्थान एवं पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली। पाकिस्तान के साथ पंजाब 532 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, जबकि राजस्थान पड़ोसी देश के साथ करीब 1,070 किलोमीटर की सीमा साझा करता है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अधिकारियों ने अमृतसर, पठानकोट, फिरोजपुर और गुरदासपुर समेत पंजाब के कई सीमावर्ती जिलों में बृहस्पतिवार को पूरी तरह से 'ब्लैकआउट' कर दिया था, जिससे लोगों ने चिंता में रात बिताई। पठानकोट में कुछ स्थानीय लोगों ने दावा किया था कि उन्होंने बृहस्पतिवार रात को विस्फोट जैसी आवाजें सुनी थीं, हालांकि शुक्रवार सुबह शांति बनी रही। कुछ स्थानीय लोगों ने कहा कि वे घटनाक्रम को लेकर चिंतित हैं लेकिन भारत के सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान के प्रयासों को तुरंत विफल किए जाने के कारण वे आश्वस्त हैं। अमृतसर और फिरोजपुर जैसे प्रमुख सीमावर्ती जिलों में भी शुक्रवार सुबह शांति रही। फिरोजपुर के कुछ निवासियों ने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया कि शुक्रवार सुबह माहौल काफी हद तक शांत रहा, लेकिन वे अफवाहों के फैलने से अधिक आशंकित हैं। बठिंडा में एक स्थानीय व्यक्ति ने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया, 'ब्लैकआउट' के बीच आधी रात तक गोलीबारी की बहुत आवाजें आती रहीं। हमने रात डर के साये में बिताई, लेकिन आज सुबह सब कुछ शांत था।' बढ़ते तनाव के बीच मोहाली और रूपनगर समेत राज्य के कुछ गुरुद्वारों में शांति के लिए विशेष प्रार्थनाएं भी की गईं। चंडीगढ़ में शुक्रवार को सुबह की नियमित सैर पर निकले एक बुजुर्ग बलदेव चंद ने कहा कि पिछली रात कुछ चिंताजनक क्षण थे लेकिन भारतीय सशस्त्र बलों ने जिस तरह से पाकिस्तान के प्रयासों को विफल किया उसे देखकर लगता है कि चिंता की कोई बात नहीं है। हालांकि, केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने बाद में फिर से सायरन बजाया और लोगों से अपने अपने घरों में रहने की अपील की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 'हमले की आशंका के मद्देनजर वायु सेना अड्डे से हवाई चेतावनी मिली है। सायरन बजाए जा रहे हैं। सभी को अपने अपने घरों में रहने और बालकनी में नहीं जाने की सलाह दी गई है।' प्रशासन ने कहा कि एक घंटे बाद चेतावनी के लिए सायरन बजना बंद हो गया। हरियाणा के पंचकूला और अंबाला में भी कुछ देर के लिए इसी तरह के सायरन की आवाज सुनी गई और लोगों से अपने अपने घरों में रहने की अपील की गई। पटियाला में जिला प्रशासन ने भी परामर्श जारी कर लोगों से अपने अपने घरों के अंदर रहने तथा शांत रहने की अपील की। राजस्थान के सीमावर्ती जिलों के लोगों ने भी तेज धमाके की आवाजों और पूरी तरह से 'ब्लैकआउट' के बीच डर और अनिश्चितता में रात गुजारी। पाकिस्तान की सीमा से लगे जैसलमेर के एक निवासी ने कहा, ''हम कुछ भी नहीं देख पा रहे थे, हमने तेज आवाजें सुनीं जो डरावनी थीं।' एक अन्य निवासी ने कहा, 'ब्लैकआउट' के बाद हम समझ नहीं पाए कि क्या हो रहा है। बाद में हमें पता चला कि यह पाकिस्तान द्वारा किया गया हमला था, जिसे हमारे सशस्त्र बलों ने विफल कर दिया।' बढ़ते तनाव के बीच अधिकारियों ने 'ब्लैकआउट' का दायरा बढ़ाकर इसे शुक्रवार सुबह छह बजे तक कर दिया, हालांकि सुबह स्थिति काफी हद तक शांत रही। इस बीच, शुक्रवार सुबह जैसलमेर जिले के किशनघाट इलाके में बम जैसी वस्तु मिली, जिसके बाद स्थानीय पुलिस और वायु सेना ने त्वरित कार्रवाई की।

## न्यूज अपडेट

### कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका से प्रेरणा ले राष्ट्र गौरव बनें लड़कियां : बागडे



**जयपुर:** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भारतीय सेना के शौर्य की सराहना करते हुए बालिकाओं का आह्वान किया है कि वे कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तरह राष्ट्र का गौरव बनें। बागड़े ने बालिकाओं को देश का गौरव बताते हुए कहा कि 'राष्ट्र सर्वोच्च' के अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं में आरंभ से ही राष्ट्रभक्ति का बीजारोपण किया जाए। उन्होंने शुक्रवार को माहेश्वरी पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक समारोह 'मुस्कान' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आर्यभट्ट, भास्कराचार्य की चर्चा करते हुए कहा कि पूरे विश्व को गुरुत्वाकर्षण और खगोल का वास्तविक ज्ञान भारत की देन है। उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान के आलोक में नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाये जाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने के केन्द्र ही नहीं होते बल्कि वे संस्कार निर्माण की पाठशाला होते हैं। उन्होंने कहा कि देश में नई शिक्षा नीति एक हजार शिक्षाविदों ने मिलकर तैयार की है। यह पूरी तरह से भारतीयता से ओतप्रोत है। इसमें भारतीय संस्कृति और उदात्त जीवन मूल्यों पर जोर है। शिक्षकों को चाहिए कि वे इस नीति के आलोक में विद्यार्थियों को शिक्षित-दीक्षित करें। उन्होंने मैकाले द्वारा भारतीय शिक्षा को पश्चिमी बनाए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि जिस तरह से आजादी के बाद देश का झंडा बदला गया था उसी तरह अंग्रेजो की प्रदत्त शिक्षा नीति को भी उसी समय बदला जाना चाहिए था।

### गोरखपुर में रहस्यमय परिस्थिति में मृत पाई गई ब्यूटी पार्लर की प्रशिक्षु युवती

**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थाना कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही एक युवती रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पायी गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृत युवती की शिनाख्त जूली (25) के रूप में हुई जो कॉलेज रोड स्थित अपने किराये के कमरे में फांसी पर लटकी मिली। पुलिस का कहना है कि एक साथी किरायेदार ने जब जूली का दरवाजा खुला देखा तब उसने उसे फांसी पर लटका देखा। उसने तुरंत मकान मालिक को सूचित किया, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। फिर फोरेंसिक टीम बुलाई गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। पुलिस के अनुसार जूली बांसगांव थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर नौ के गिरीश नारायण तिवारी की बेटी थी। उसकी शादी 2017 में गोरखपुर के हमायूंपुर निवासी गगन मिश्रा से हुई थी। हालांकि, कथित तौर पर दोनों के बीच वैवाहिक कलह चल रही थी और जूली कुछ समय से बड़हलगंज में अलग रह रही थी। वह तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। बड़हलगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) चंद्रभान सिंह ने कहा कि परिवार को सूचित कर दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा।

### भारत-पाक संघर्ष के बीच चंडीगढ़ प्रशासन ने कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कीं

**चंडीगढ़:** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर चंडीगढ़ प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश के कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। शुक्रवार को यहां जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'चंडीगढ़ प्रशासन ने निर्देश जारी किए हैं कि सभी विभागों/बोर्ड/निगमों के कर्मचारियों को चंडीगढ़ में ही अपने मुख्यालय या स्टेशन में उपस्थित रहना चाहिए और अगले आदेश तक इसे नहीं छोड़ना चाहिए।' इसमें कहा गया है,'पहले स्वीकृत सभी छुट्टी रद्द कर दी गई हैं, जब तक कि संबंधित सचिव द्वारा नए सिरे से मंजूरी न दी जाए और वह भी असाधारण परिस्थितियों में।' दोनों देशों के बीच तनाव उस समय और बढ़ गया जब पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।

## भारत-पाक संघर्षः झारखंड ने सरकारी चिकित्सकों की छुट्टियां निलंबित कीं

**रांची:** झारखंड सरकार ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के मद्देनजर शुक्रवार को राज्य के सभी सरकारी चिकित्सकों की छुट्टियां रद्द कर दीं। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने संवाददाताओं को बताया, स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है और हमने मौजूदा संघर्ष से उत्पन्न किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सरकारी चिकित्सकों की सभी छुट्टियां तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी हैं। अंसारी ने कहा कि सभी चिकित्सकों को अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है और यदि जरूरत पड़ी तो उन्हें अपनी सेवाएं देने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में भी भेजा जाएगा। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य विभाग किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है तथा राज्य के सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अंसारी ने कहा कि सैन्य छावनी क्षेत्रों के निकट विशेष व्यवस्था की गई है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए जाने के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।

## आतंकियों का खुला समर्थन दर्शाता है कि पाकिस्तान अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा हैः आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारत की हालिया जवाबी कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों के प्रति पाकिस्तान का खुला समर्थन यह साबित करता है कि वह देश न केवल आतंकवाद का पनाहगाह है, बल्कि अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर लखनऊ में एक सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, भारत की कार्रवाई के बाद, जब आतंकवादी मारे गए, तो पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और राजनेता उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस बेशर्मी भरे प्रदर्शन से दुनिया की आंखें खुल जानी चाहिए। उन्होंने कहा, पाकिस्तान केवल आतंकवाद को संरक्षण नहीं दे रहा, वह सीधे तौर पर इसमें शामिल है। उसकी संलिप्तता अब इतनी स्पष्ट हो गई है कि उसे अपने अस्तित्व के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने कड़ा जवाब देने का संकल्प लिया है।

## संभल हिंसा में शामिल एक और आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अब तक 84 जेल भेजे गए

**संभल (उप्र):** संभल जिले में पिछले साल नवंबर में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसका कहना है कि इस मामले में अब तक 84 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। संभल पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार नखासा थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष 24 नवम्बर को शाही जामा मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के सिलसिले में हब्बू उर्फ हसीब (25) को गिरफ्तार किया गया है। इस हिंसा में चार लोग मारे गये थे और अन्य कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बयान के अनुसार हसीब ने पूछताछ में बताया कि 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वेक्षण के दौरान हिंदू पुरा खेड़ा और नखासा चौराहा पर भीड़ जुटी थी, उसने पथराव किया था और पुलिस की गाड़ियों में आग लगा दी थी। बयान के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया है। संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा मामले में अब तक 84 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की, राजनाथ व डोभाल भी रहे मौजूद



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए शीर्ष रक्षा नेतृत्व के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच मोदी ने भविष्य की रणनीति बनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, तीनों सेनाओं के प्रमुखों और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के साथ बैठक की। भारतीय प्रतिष्ठानों को 8 और 9 मई की मध्य रात्रि को निशाना बनाने के पाकिस्तानी प्रयासों का सशस्त्र बलों द्वारा आनुपातिक और पर्याप्त रूप से जवाब दिए जाने के साथ ही पाकिस्तान के साथ संघर्ष तीव्र हो गया है। विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि पाकिस्तान ने आठ और नौ मई की दरमियानी रात को भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए देश के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। सिंह ने बताया कि पाकिस्तान ने भारत के सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए बृहस्पतिवार रात लेह से लेकर सर क्रीक तक 36 जगहों पर 300 से 400 ड्रोन भेजे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने इन ड्रोन को मार गिराया। इससे पहले दिन में, मोदी ने तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों सहित कई पूर्व सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत की और मौजूदा स्थिति पर उनकी प्रतिक्रिया ली।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सशस्त्र बलों के पूर्व अधिकारियों से बात की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान के साथ चल रहे संघर्ष के बीच तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों सहित कई पूर्व सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनमें सेना, वायुसेना और नौसेना के पूर्व प्रमुखों के अलावा देश की सेवा कर चुके अन्य सेवानिवृत्त अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चर्चा मौजूदा स्थिति पर केंद्रित थी।

## जम्मू-कश्मीर के अस्पतालों में 'पोर्टेबल' चिकित्सा सुविधाएं तैनात की जा रहीं

**नयी दिल्ली :** सरकार की आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत चिकित्सा तत्परता बढ़ाने के लिए एम्स, जम्मू और एसकेआईएमएस, श्रीनगर जैसे प्रमुख अस्पतालों में स्वदेशी 'पोर्टेबल मॉड्यूलर' चिकित्सा इकाई 'भीष्म क्यूब' को तैनात किया जा रहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के मद्देनजर देश के अस्पतालों में स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे की तैयारियों की समीक्षा की। सूत्रों ने बताया कि इन 'भीष्म क्यूब' को ऋषिकेश, बिलासपुर और दिल्ली स्थित एम्स सहित देश भर के राष्ट्रीय महत्व के अन्य संस्थानों (आईएनआई) में भी तैनात किया जा रहा है।

## भारत-पाकिस्तान तनाव: नड्डा ने स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के बीच देश के अस्पतालों में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी चिकित्सा आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियां पूरी तरह सुसज्जित और कार्यात्मक हों। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्री ने आपात स्थिति में तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी राज्य सरकारों, विशेषकर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे राज्यों के साथ जमीनी स्तर पर संपर्क स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बयान के अनुसार पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में, नड्डा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय में 24 घंटे नियंत्रण और कमान केंद्र को जारी प्रयासों की निगरानी करनी चाहिए और राज्यों को सहायता प्रदान करनी चाहिए। इसके अनुसार अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, रक्त, ऑक्सीजन और ट्रॉमा केयर किट आदि की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है। बयान में कहा गया है कि उन्हें आ-पातकालीन प्रतिक्रिया नेटवर्क को मजबूत करने के लिए राज्य और जिला प्रशासन, सशस्त्र बलों, निजी क्षेत्र के अस्पतालों और धर्मार्थ संस्थानों के साथ समन्वय करने की सलाह दी गई है। समीक्षा बैठक में नड्डा को प्रारंभिक कदमों के बारे में जानकारी दी गई, जैसे कि एम्बुलेंस को तैनाती के लिए तैयार रखना, चिकित्सा सामान और उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना; किसी भी आपात स्थिति के लिए अस्पताल को तैयार रखना। बयान में कहा गया है, ''केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और सभी क्षेत्रों में निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं और आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।''

## न्यूज इन ब्रीफ

### अमृतसर हवाई अड्डा प्राधिकरण ने उड़ानों पर रोक 15 मई तक बढ़ाई

**अमृतसर :** अमृतसर के श्री गुरु रामदास अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने सभी प्रकार की उड़ानों के लिए निलंबन अवधि शुक्रवार को 15 मई तक बढ़ा दी है। यहां जारी एक बयान में, हवाई अड्डा प्राधिकरण ने कहा, सभी संबंधितों पक्षों को सूचित किया जाता है कि अमृतसर हवाई अड्डे से सभी वाणिज्यिक/नागरिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संचालन का निलंबन 15.05.2025 को सुबह 05:30 बजे तक बढ़ा दिया गया है।

### तेलंगाना में 38 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया

**हैदराबाद :** तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में शुक्रवार को पुलिस के समक्ष पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के कुल 38 सदस्यों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस वर्ष जनवरी से अब तक 265 माओवादियों ने भद्राद्री कोठागुडेम जिला पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इसमें कहा गया है कि विभिन्न कैडर के 38 माओवादियों ने नक्सलवाद का रास्ता छोड़ने और अपने परिवार के सदस्यों के साथ शांतिपूर्ण जीवन जीने का फैसला किया है।

### त्रिपुरा में सात बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला :** दक्षिण त्रिपुरा जिले में शुक्रवार को चार महिलाओं सहित सात बांग्लादेशियों को बिना किसी वैध दस्तावेज के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट करमटिला से सात बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया। सहायक महानिरीक्षक (कानून एवं व्यवस्था) अनत कुमार दास ने बताया कि गश्त के दौरान बीएसएफ ने करमटिला में अंतरराष्ट्रीय सीमा की ओर बढ़ रहे लोगों के एक समूह को देखा और सात बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में ले लिया, क्योंकि वे बिना किसी वैध दस्तावेज के भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के बाद बीएसएफ ने सातों बांग्लादेशियों को मनुबाजार पुलिस थाने को सौंप दिया। उन्होंने कहा, बांग्लादेशी नागरिकों को बिना किसी वैध दस्तावेज के भारत में प्रवेश करने पर गिरफ्तार किया गया। एआईजी ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### चेन्नई : क्रिकेट स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी

**चेन्नई :** चेन्नई में क्रिकेट प्रतियोगताओं के आयोजन पर बम विस्फोट करने की एक धमकी मिली है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह धमकी एक ई-मेल के जरिए दी गई थी, जिसमें यहां स्टेडियम में क्रिकेट आयोजनों के खिलाफ चेतावनी दी गई थी। धमकी देने वाले के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने कहा कि जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि इसके (धमकी के) पीछे कौन लोग हैं।

## 87 गवाहों में से 71 मुकरे, न्यायालय ने हत्या के छह दोषियों को 'भारी मन से' बरी किया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने हत्या के एक मामले में शुक्रवार को छह आरोपियों को भारी मन से बरी कर दिया, क्योंकि मृतक के बेटे सहित इस मामले के अधिकतर गवाह मुकर गए। इस अनसुलझे अपराध में कुल 87 गवाह थे, जिनमें से 71 अपने बयानों से मुकर गए। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के 27 सितंबर, 2023 के आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें निचली अदालत के फैसले को निरस्त करके छह आरोपियों को दोषी ठहराया गया था। न्यायमूर्ति चंद्रन ने पीठ की ओर से लिखे 49 पन्नों के फैसले में कहा कि इस अनसुलझे अपराध से जुड़े सबूतों के अभाव के परिप्रेक्ष्य में भारी मन से आरोपियों को बरी किया जाता है। पीठ ने कहा, ''उच्च न्यायालय के फैसले को पलटते हुए और निचली अदालत के फैसले को बहाल करते हैं।'' पीठ ने गवाहों के अदालत में मुकर जाने और अति उत्साही जांच पर दुख जताते हुए कहा कि जांच में आपराधिक कानून के बुनियादी सिद्धांतों की पूरी तरह अनदेखी की गयी, ऐसी परिस्थितियों में अभियोजन पक्ष का अकसर मजाक बन जाता है। पीठ ने कहा, ''गवाह अपने पूर्व के बयानों से मुकर जाते हैं, बरामदगी को पहचानने से इनकार करते हैं, जांच के दौरान बताई गई गंभीर परिस्थितियों से अनभिज्ञता जताते हैं और चश्मदीद गवाह अंधे हो जाते हैं।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अस्पतालों के अधिकारियों से मुलाकात की, आपातकालीन तैयारियों की समीक्षा की



**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के मद्देनजर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को आप-ातकालीन तैयारियों की समीक्षा के लिए दिल्ली सरकार के अस्पतालों के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अस्पतालों में कर्मियों या दवाओं की कोई कमी न हो, ताकि वे किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''हमारे अस्पतालों को किसी भी परिस्थिति से निपटने और लोगों की सेवा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। मुझे चिकित्सा निदेशकों से अस्पतालों में व्यवस्थाओं की जानकारी मिली है।'' स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पताल और कर्मचारी किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार हैं।

## भारत-पाक संघर्ष: गुजरात सरकार ने 15 मई तक ड्रोन और पटाखों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया

**अहमदाबाद :** गुजरात सरकार ने शुक्रवार को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर ड्रोन और पटाखों के इस्तेमाल पर 15 मई तक प्रतिबंध लगा दिया। सरकार ने सोशल मीडिया पर राष्ट्र-विरोधी भावनाएं फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, इस महीने की 15 तारीख तक किसी भी समारोह या कार्यक्रम में पटाखे या ड्रोन के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाएगी। कृपया सहयोग करें और दिशानिर्देशों का पालन करें।

## बढ़ती मांग के बाद उत्तर रेलवे ने जम्मू, उधमपुर से दिल्ली के लिए विशेष ट्रेन चलाईं

**जम्मू :** उत्तर रेलवे ने बढ़ती मांग को देखते हुए शुक्रवार को जम्मू और उधमपुर से नयी दिल्ली के लिए तीन विशेष ट्रेन शुरू की। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने कहा, 12 अनारक्षित और 12 आरक्षित डिब्बों वाली एक विशेष ट्रेन पूर्वाह्न करीब 10.45 बजे जम्मू से नयी दिल्ली के लिए रवाना हुई। दूसरी, 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन अपराह्न 12:45 बजे उधमपुर से जम्मू और पठानकोट होते हुए नयी दिल्ली के लिए रवाना हुई। उन्होंने कहा, 22 कोच वाली तीसरी विशेष आरक्षित ट्रेन, शाम करीब सात बजे जम्मू से नयी दिल्ली के लिए निर्धारित की गई है। अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों के करीब रहने वाले कई लोग सुरक्षित स्थानों पर जा रहे हैं, जिसके कारण ट्रेनों की मांग बढ़ गई है। उपाध्याय ने कहा, जम्मू, अंबाला, नयी दिल्ली जैसे विभिन्न स्थानों पर नियंत्रण कक्ष लगातार स्थितियों की निगरानी कर रहे हैं। हम आरक्षण पैटर्न और स्टेशनों पर यात्रियों की आवाजाही पर भी नजर रख रहे हैं, जिसके बाद हम विशेष ट्रेन शुरू करने का फ़ैसला कर रहे हैं।

## रेल मंत्री ने की समीक्षा, दिया निर्देश- लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर करें विशेष गाड़ियों का परिचालन



**नयी दिल्ली :** जम्मू और चंडीगढ़ एयरपोर्ट के बंद होने के चलते जो पैसेंजर फंसे थे, उनके लिए भारतीय रेल द्वारा विशेष गाड़ियों की व्यवस्था की गई। रेल परिचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। स्थिति का पूर्ण जायजा लेने के बाद उन्होंने रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की सहायता के लिए गाड़ियों का परिचालन किया जाए। नियमित गाड़ियों के साथ-साथ आवश्यकतानुसार विशेष गाड़ियों का भी परिचालन किया जाए। रेल मंत्री के निर्देश पर दिनांक 9 मई,2025 को जम्मू तथा उधमपुर से चार विशेष गाड़ियों का परिचालन किया गया। रेलवे ने पहली विशेष गाड़ी 04612 का परिचालन जम्मू स्टेशन से सुबह 10:45 बजे किया जिसमें 12 कोच अनारक्षित श्रेणी के और 12 रिज़र्व क्लास के लगाए गए। 20 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस दिन में 12:45 बजे उधमपुर से रवाना हुई और जम्मू तथा पठानकोट के रास्ते नई दिल्ली आई। 22 एलएचबी कोच वाली विशेष गाड़ी का परिचालन संध्या 7:00 बजे जम्मू स्टेशन से किया गया।एक और वंदे भारत विशेष गाड़ी का परिचालन किया गया जो दिन में 3:30 पीएम बजे जम्मू से खुली और संध्या में नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी।

## देश में पर्याप्त ईंधन भंडार मौजूद, घबराहट में खरीदारी न करें: पेट्रोलियम कंपनियां

**नयी दिल्ली :** घरेलू पेट्रोलियम कंपनियों ने शुक्रवार को आम लोगों को आश्वस्त किया कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) का पर्याप्त भंडार है और घबराहट में इनकी खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरप-ोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने अलग-अलग बयान जारी कर पेट्रोलियम उत्पादों के पर्याप्त भंडार और सुचारू परिचालन का आश्वासन दिया। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों का यह बयान सोशल मीडिया पर आई उन खबरों एवं वीडियो के बाद जारी किया गया जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए लोगों की कतारें लग गई हैं। आईओसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''इंडियन ऑयल के पास देश भर में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और हमारी सभी आपूर्ति लाइन सुचारू रूप से काम कर रही हैं। घबराहट में खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे सभी बिक्री केंद्रों पर ईंधन और एलपीजी उपलब्ध हैं।'' विशेष तौर पर पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों में लोगों ने घबराहट में पेट्रोल-डीजल की खरीदारी शुरू कर दी थी। पाकिस्तान की सेना ने आठ-नौ मई की रात को ड्रोन तथा अन्य हथियारों का इस्तेमाल करते हुए पूरे पश्चिमी सीमा क्षेत्र में कई हमले किए, जिसके बाद जम्मू-कश्मीर तथा पंजाब के कई शहरों में 'ब्लैकआउट' कर दिया गया। भारतीय सेना ने कहा कि हमलों को '' प्रभावी ढंग से विफल '' कर दिया गया है। इससे लोगों में तनाव बढ़ा और घबराहट में लोगों ने ईंधन की खरीदारी शुरू कर दी। आईओसी ने कहा, ''शांत रहकर और अनावश्यक भीड़ लगाने से बचते हुए हमें आपकी बेहतर सेवा करने में मदद करें। इससे हमारी आपूर्ति लाइन निर्बाध रूप से चलती रहेंगी और सभी के लिए निर्बाध ईंधन पहुंच सुनिश्चित होगी।''

## मुंबई में 26/11 हमले का आरोपी राणा तिहाड़ जेल की उच्च सुरक्षा वाली कोठरी में रखा गया: सूत्र

**नयी दिल्ली :** मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को तिहाड़ जेल की उच्च सुरक्षा वाली कोठरी में रखा गया है और उस पर 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। जेल सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने राणा को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। शुक्रवार शाम उसे भारी सुरक्षा के बीच तिहाड़ जेल ले जाया गया। राणा को उसकी एनआईए हिरासत समाप्त होने से एक दिन पहले विशेष राष्ट्रीय अन्वेषण अधिकरण (एनआईए) न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह के समक्ष पेश किया गया था। जेल सूत्रों के अनुसार, वह गेट नंबर चार से जेल में दाखिल हुआ था। डॉक्टरों ने उसकी स्वास्थ्य जांच की। चिकित्सा जांच के बाद उसे जेल नंबर दो में रखा गया, जहां उच्च जोखिम वाले कैदियों को रखा जाता है। सूत्र ने हालांकि बताया कि जेल अधिकारियों ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। सूत्र ने बताया, उसकी कोठरी के बाहर सुरक्षा गार्ड तैनात कर दिए गए हैं और उसकी गतिविधियों पर 24 घंटे नजर रखी जाएगी। राणा मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है। अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने चार अप्रैल को प्रत्यर्पण के खिलाफ राणा की समीक्षा याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उसे भारत लाया गया।

## आईएमडी ने 10 मई से पूर्वी भारत में लू चलने का अनुमान लगाया

**नयी दिल्ली :** पूर्वी भारत में शनिवार से लू के थपेड़े शुरू हो सकते हैं, जबकि अगले चार-पांच दिनों तक देश के उत्तर-पश्चिम और मध्य भागों में बारिश एवं गरज के साथ छींटे पड़ना जारी रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने शनिवार से 13 मई तक पूर्वोत्तर में भारी वर्षा, गरज के साथ छींटे पड़ने और आकाशीय बिजली गिरने की भी चेतावनी दी है। आईएमडी ने कहा कि 11-12 मई को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के अलग-अलग इलाकों में, 10-14 मई के दौरान पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में, 11-14 मई के दौरान बिहार और ओडिशा में, 12-14 मई तक झारखंड में और 14-15 मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू चलने की संभावना है। इस महीने की शुरुआत में आईएमडी ने कहा था कि भारत के अधिकांश भागों में मई में सामान्य से अधिक तापमान रह सकता है, लेकिन कभी-कभार गरज एवं चमक के साथ छींटे पड़ने से पिछले वर्ष की तुलना में गर्मी प्रचंड स्तर तक पहुंच नहीं पाएगी। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा था कि उत्तर-पश्चिम, मध्य और उत्तर-पूर्व के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है।

## देश के जलाशयों में भंडारण राष्ट्रीय स्तर पर सुधारा, लेकिन पूर्वी व उत्तरी क्षेत्रों में कमी



**नयी दिल्ली :** भारत के प्रमुख जलाशयों में कुल जल भंडारण में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, फिर भी कई राज्य जल भंडारण के गंभीर निम्न स्तर की समस्या से जूझ रहे हैं। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक बुलेटिन से मिली है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा जारी साप्ताहिक बुलेटिन के अनुसार, देश के 161 प्रमुख जलाशयों में वर्तमान में 57.974 अरब क्यूबिक मीटर (बीसीएम) जल संग्रहण है, जो उनकी कुल क्षमता का 31.78 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 49.290 बीसीएम से अधिक है तथा दस वर्ष के औसत 50.038 बीसीएम से ज्यादा है। राष्ट्रीय स्तर पर, वर्तमान भंडारण पिछले वर्ष के स्तर का 117.6 प्रतिशत और सामान्य का 115.9 प्रतिशतहै, जो समग्र सुधार का संकेत है। मगर पूर्वी क्षेत्र पानी की भारी कमी का सामना कर रहा है। इस क्षेत्र में बिहार, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य आते हैं। इस क्षेत्र के जलाशय अपनी क्षमता का सिर्फ 27.87 प्रतिशत ही भर पाए हैं, जो पिछले साल के 35.97 प्रतिशत और सामान्य स्तर 34.64 फीसदी से काफी कम है। ओडिशा के रेंगाली और ऊपरी इंद्रावती जलाशयों, बिहार के बदुआ और चंदन बांधों, तथा मिजोरम के तुइरियल जलाशय में भंडारण की स्थिति बहुत कम बताई गई है, जहां उनके सामान्य भंडारण का मात्र 23.4 प्रतिशत ही है। उत्तरी क्षेत्र में स्थिति और भी गंभीर है, जहां कुल मिलाकर जलाशय क्षमता का केवल 24.09 प्रतिशत ही दर्ज किया गया है जो पिछले वर्ष 29.5 फीसदी था। इस क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान आते हैं।

## पुंछ में पाकिस्तानी गोलाबारी में एक ग्रामीण की मौत, तीन घायल

**पुंछ/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों के अग्रिम इलाकों में शुक्रवार की सुबह पाकिस्तान की ओर से की गई गोलाबारी में एक ग्रामीण की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। इस घटना के बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि तड़के तीन बजकर 50 मिनट से चार बजकर 45 मिनट के बीच उच्च तीव्रता वाले कई विस्फोटों के कारण तत्काल ब्लैकआउट किया गया और सायरन बजने लगे। तड़के से पहले के वीडियो में जम्मू क्षेत्र में ड्रोन और अन्य उड़ने वाली वस्तुओं को वायु रक्षा प्रणाली द्वारा निष्प्रभावी करते हुए देखा जा सकता है।

## सिन्हा ने पाकिस्तानी गोलाबारी से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए उरी सेक्टर का दौरा किया



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को उरी सेक्टर में पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित गांवों का दौरा करने के बाद कहा कि सैनिकों का मनोबल ऊंचा है और भारतीय सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि उरी में लोगों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। सिन्हा ने बारामूला में संवाददाताओं से कहा, ''हमले की कोशिशें की गईं लेकिन सुरक्षा बलों का मनोबल बहुत ऊंचा है और वे किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने कहा, ''मैं सीमावर्ती इलाकों के उन गांवों में गया, जहां नुकसान हुआ है। घायलों और मृतकों के परिवारों को अनुग्रह राशि दी गई है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।'' सिन्हा ने कहा कि अतिरिक्त सुरक्षा बंकरों की आवश्यकता है, जिनका निर्माण आने वाले दिनों में किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''घायलों का इलाज किया जा रहा है। मैं उन्हें देखने गया था और सभी की हालत स्थिर है तथा उन्हें जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी।'' इससे पहले, उपराज्यपाल ने उरी में सैनिकों से बातचीत की और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा, ''राष्ट्र को आप पर सदैव गर्व रहा है। जब भी राष्ट्र को किसी समस्या का सामना करना पड़ा है, आपने सर्वोच्च बलिदान दिया है।'' सिन्हा ने पिछली तीन रातों में नागरिक क्षेत्रों में पाकिस्तानी गोलाबारी से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए उरी सेक्टर के गांवों का भी दौरा किया। उन्होंने प्रशासन को प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सिन्हा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उरी के लगमा और गिंगल के सीमावर्ती गांवों में पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के की गई गोलाबारी से नागरिक क्षेत्र और घरों को हुए नुकसान का आकलन किया। मैंने जिला प्रशासन को प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत प्रदान करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।''

## रेलयात्री से हाथापाई का वीडियो वायरल, रेलमंत्री से 70,000 रुपये का कैमरा वापस दिलाने की गुहार लगाई



**नयी दिल्ली :** बलवान दास (26) नामक एक रेलयात्री ने झगड़े के दौरान अपना 70,000 रुपये का कैमरा खो दिया, जिसके बाद उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इसे वापस पाने में मदद करने की गुहार लगाई है। दास का एक वीडियो सात मई को वायरल हुआ था, जिसमें खानपान सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी 'राजस्थान होटल' के कर्मचारियों द्वारा कथित रूप से अधिक पैसे वसूलने और उनके हिंसक व्यवहार का खुलासा किया गया था। वीडियो वायरल होने के बाद रेल मंत्रालय ने राजस्थान होटल का अनुबंध रद्द कर दिया, पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया और दास के साथ मारपीट करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। दास एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं और जम्मू के कठुआ में रहते हैं। 'एक्स' पर उनका नाम मिस्टर विशाल शर्मा है। वह ट्रेनों में पेंट्री कर्मचारियों के अनुचित व्यवहार को उजागर करने के लिए छिपे हुए कैमरों और फोन दोनों का उपयोग करके वीडियो बनाते हैं। उन्होंने कहा, मैंने अपना छिपा हुआ कैमरा खो दिया है जिसकी कीमत 70,000 रुपये है। मुझे संदेह है कि पेंट्री कर्मचारी इसे अपने साथ ले गया होगा। मैं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इसे वापस पाने में मदद करने की गुहार लगाता हूं। हेमकुंट एक्सप्रेस की विशेष घटना का विवरण साझा करते हुए दास ने कहा कि वह छह मई को शाम करीब पांच बजे ऋषिकेश से ट्रेन में सवार हुए और ट्रेन के रवाना होने के तुरंत बाद उन्होंने पेंट्री कर्मचारियों से पानी की एक बोतल खरीदी। दास ने बताया, कर्मचारी ने पानी की बोतल के लिए 20 रुपये लिए और 15 रुपये की रेल नीर की जगह उसने मुझे कोई स्थानीय ब्रांड का पानी दिया। मैंने नूडल्स, कॉफी आदि जैसे अन्य खाद्य पदार्थ खरीदे और बिल मांगा, जिसे कर्मचारी ने देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा, मैं ऐसी गतिविधियों को रिकॉर्ड करने के लिए एक गुप्त कैमरा, इंस्टा 360 रखता हूं।

# भारत-पाक तनाव के बीच आईपीएल एक सप्ताह के लिये स्थगित

## बोर्ड ने कहा राष्ट्रहित सर्वोपरि



**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया और बीसीसीआई ने कहा कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है, ऐसे में राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में ही रद्द होने के बाद से मौजूदा आईपीएल के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक विज्ञप्ति में कहा ,''बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक सप्ताह के लिये स्थगित करने का फैसला किया है।'' पहले यह बताया गया था कि आईपीएल अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दिया गया है। इसमें कहा गया,'' नये कार्यक्रम और टूर्नामेंट के आयोजन के बारे में सूचना समय आने पर दी जायेगी। इससे पहले संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के साथ हालात की व्यापक समीक्षा की जायेगी।'' लीग का समापन 25 मई को कोलकाता में होना था। बोर्ड बाकी 16 मैच (12 लीग और चार नॉकआउट) सही समय पर कराने की कोशिश करेगा। ऐसी अटकलें हैं कि सितंबर महीने में होने वाला एशिया कप रद्द किया जाता है तो यह एक विकल्प हो सकता है।' बोर्ड के बयान में कहा गया ,'' इस नाजुक मोड़ पर बीसीसीआई देश के साथ खड़ा है। हम भारत सरकार, सशस्त्र बलों और देश के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हैं।' इसमें कहा गया ,'' बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है जिनके ऑपरेशन सिंदूर के तहत किए गए वीरतापूर्ण प्रयास राष्ट्र की रक्षा करने के साथ प्रेरणा देते हैं और जो हाल ही के आतंकवादी हमले और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए अनुचित आक्रमण का दृढ़ जवाब दे रहे हैं।'' बोर्ड ने कहा कि क्रिकेट देश का जुनून है लेकिन यह देश की अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर नहीं है। इसमें कहा गया ,'' बोर्ड भारत की सुरक्षा के लिए सभी प्रयासों का समर्थन करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और हमेशा राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में अपने निर्णय लेगा।''

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की भारत और पाकिस्तान की स्थिति पर करीबी नजर

**सिडनी :** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर 'करीबी नजर' रखे हुए है, क्योंकि 20 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और कोच मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आईपीएल पर गुरुवार को उस समय अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे जब आसपास के शहरों में हवाई हमले की संभावना के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच बीच में ही रद्द करना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अभी मौजूदा स्थिति की समीक्षा कर रहा है। इस बीच, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैचों को यूएई में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बयान में कहा, ''हम ऑस्ट्रेलिया सरकार, पीसीबी, बीसीसीआई और स्थानीय सरकारी अधिकारियों से नियमित सलाह और अपडेट प्राप्त करने सहित पाकिस्तान और भारत की स्थिति पर करीबी नजर रखना जारी रखेंगे।

### नीरज चोपड़ा क्लासिक अनिश्चित काल के लिए स्थगित



**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच 24 मई को बेंगलुरु में होने वाली नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता शुक्रवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। आयोजकों ने कहा कि ''इस समय हमारी संवेदनाएं केवल हमारे सशस्त्र बलों के साथ है जो हमारे देश के लिए सबसे आगे खड़े हैं।'' दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा ने 'एक्स' पर एनसी क्लासिक टीम की ओर से एक बयान पोस्ट करके प्रतियोगिता स्थगित होने की घोषणा की। यह घोषणा उस दिन हुई है जब लोकप्रिय टी20 लीग आईपीएल को भी एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट का संशोधित कार्यक्रम आने वाले समय में साझा किया जाएगा। बयान में कहा गया है, ''मौजूदा स्थिति के मद्देनजर एनसी क्लासिक का शुरूआती चरण अगली सूचना तक स्थगित किया जाता है।'' इसमें कहा गया, ''यह निर्णय विचार और परामर्श के बाद लिया गया है जिसमें एथलीटों, हितधारकों और व्यापक समुदाय की भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।'' इसके अनुसार, ''हम खेल की एकजुट ताकत में विश्वास करते हैं। लेकिन इस नाजुक घड़ी में देश के साथ मजबूती से खड़े रहना सबसे महत्वपूर्ण है। इस समय हमारी सारी संवेदनाएं केवल हमारे सशस्त्र बलों के साथ हैं जो हमारे देश के लिए सबसे आगे खड़े हैं। जय हिंद।'' इस प्रतियोगिता का आयोजन चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाना था।

### भारत में 2027 डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करने को इच्छुक है बीसीसीआई

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) देश में 2025-2027 चक्र के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की मेजबानी करने पर विचार कर रहा है और इस संबंध में एक प्रस्ताव को बाद में औपचारिक रूप दिया जाएगा। इंग्लैंड ने अब तक 2021 और 2023 में क्रमशः हैम्पशर और ओवल में डब्ल्यूटीसी खिताबी मुकाबलों की मेजबानी की है। पीटीआई को पता चला है कि पिछले महीने जिम्बाब्वे में आईसीसी की मुख्य कार्यकारी समिति के दौरान इस संबंध में चर्चा हुई थी जहां बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने किया था। पूर्व बीसीसीआई सचिव जय शाह दिसंबर 2024 में ग्रेग बार्कले से पदभार संभालने के बाद वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष हैं। एक सूत्र ने संकेत दिया, ''अगर भारत अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचता है तो यह प्रशंसकों के लिए एक शानदार मौका होगा। पर अगर भारत फाइनल में नहीं खेलता है तो भी दो अन्य शीर्ष टीमों के बीच मैच में बहुत से लोग दिलचस्पी लेंगे। ''

## धर्मशाला से जालंधर होते हुए विशेष ट्रेन से दिल्ली भेजा गया आईपीएल टीम को

**धर्मशाला :** पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमों को शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच धर्मशाला से होशियारपुर के रास्ते जालंधर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया। कांगड़ा की पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने यह जानकारी दी। टीम फिलहाल विशेष 'वंदे भारत एक्सप्रेस' से नयी दिल्ली पहुंच चुकी हैं। पाकिस्तान ने ड्रोन हमले के जरिए चंडीगढ़ के पास हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की, जिसके बाद भारत को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इस बीच पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच यहां खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को बीच में ही बृहस्पतिवार को रद्द कर दिया गया था। अधिकारी ने कहा, ''शुक्रवार की सुबह खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और प्रसारण कर्मियों सहित दोनों टीमों के पूरे दल को लगभग 40 से 50 छोटे वाहनों में धर्मशाला से पंजाब की सीमा पर स्थित होशियारपुर ले जाया गया।'' उन्होंने कहा कि इस काफिले को कांगड़ा पुलिस ने सुरक्षा मुहैया कराई और वाहनों के होशियारपुर पहुंचने के बाद पंजाब पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था संभाल ली। वहां से उन्हें विशेष रूप से तैयार ट्रेन में सवार होने के लिए जालंधर ले जाया गया। अग्निहोत्री ने बृहस्पतिवार को मैच को बीच में रोकने के बाद सुरक्षा के बारे में कहा, ''स्टेडियम को 20 मिनट के अंदर खाली कर दिया गया था। हमारी पहली प्राथमिकता वहां मौजूद सभी लोगों की सुरक्षा थी। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को तुरंत मैदान से वापस बुलाया गया और कड़ी सुरक्षा के बीच उनके संबंधित होटलों में भेज ि दया गया।''

## पाकिस्तान के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच चोपड़ा, रोहित, कोहली ने भारतीय सशस्त्र बलों का समर्थन किया

**नयी दिल्ली :** नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित भारत की शीर्ष खेल हस्तियों ने पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ देश की सैन्य कार्रवाई के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और उन्हें 'भारत की आत्मा' करार दिया। भारत ने जम्मू और पठानकोट सहित अपने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने की पाकिस्तान की कोशिशों को गुरुवार रात को तुरंत विफल कर दिया था। रोहित ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ''हर गुजरते पल के साथ, हर फैसले के साथ मुझे हमारी भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना पर बेहद गर्व महसूस होता है। हमारे योद्धा हमारे देश के गौरव के लिए खड़े हैं। प्रत्येक भारतीय के लिए जिम्मेदार होना और किसी भी फर्जी खबर को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचना महत्वपूर्ण है। सभी सुरक्षित रहें। ऑपरेशन सिंदूर, जय हिंद।'' कोहली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, ''हम इस कठिन समय में हमारे देश की रक्षा करने के लिए अपने सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और उन्हें सैल्यूट करते हैं। हम अपने नायकों की अटूट बहादुरी तथा उनके और उनके परिवारों द्वारा हमारे महान राष्ट्र के लिए किए गए बलिदानों के लिए तहेदिल से आभारी हैं।''ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ''हमें अपने बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों पर गर्व है जो आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश के लिए लड़ रहे हैं। आइए अपनी भूमिका निभाएं और इस दौरान सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करें।

## निहाल सरीन ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

**अल ऐन (यूएई) :** शीर्ष वरीयता प्राप्त और खिताब के प्रबल दावेदार निहाल सरीन ने शुक्रवार को एशियाई व्यक्तिगत शतरंज चैंपियनशिप के तीसरे दौर के बाद लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए संयुक्त दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया। निहाल ने अपने प्रतिद्वंद्वी ईरान के रेजा महदेवी को रोमांचक बाजी में शिकस्त दी। ईरान के बराडिया दानेशवर तीन अंक के साथ अकेले शीर्ष पर बने हुए हैं। एल आर श्रीहरि ने पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन अभिजीत गुप्ता के खिलाफ अपनी काबिलियत साबित की जबकि पी इनियान और मुरली कार्तिकेयन शीर्ष ग्रुप और शीर्ष आठ में रहने की उम्मीद कर सकते हैं क्योंकि इससे अगले विश्व शतरंज कप में जगह सुनिश्चित होगी।

## प्रधानमंत्री शरीफ की सलाह पर पीएसएल स्थगित: पीसीबी

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इससे कुछ घंटे पहले ही घोषणा की गई थी कि भारत के साथ चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण टी20 टूर्नामेंट को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थानांतरित कर दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर बढ़े तनाव के कारण भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे मैचों को भी स्थगित कर दिया है। पीसीबी ने एक बयान में कहा, ''स्थगित करने का फैसला प्रधानमंत्री मियां मुहम्मद शाहबाज शरीफ से मिली सलाह के अनुसार लिया गया है। राष्ट्रीय भावनाएं पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के साहसी प्रयासों पर केंद्रित हैं जो पाकिस्तान की संप्रभुता को मुखरता से कायम रख रहे हैं।'' बयान में आगे कहा गया, ''पीसीबी और उसके खिलाड़ी शहीदों के परिवारों और राष्ट्र की रक्षा करने वाले हमारे सुरक्षाकर्मियों के साथ एकजुटता में खड़े हैं।''

### पीएसएल मैचों की मेजबानी के पीसीबी के अनुरोध को खारिज कर सकता है यूएई

**दुबई :** पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच संयुक्त अरब अमीरात में कराने की पीसीबी की योजना धरी रह सकती है क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव को देखते हुए अमीरात क्रिकेट बोर्ड द्वारा इसे मंजूर करने की संभावना कम ही है। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने संकेत दिया है कि बोर्ड पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के ऐसे किसी भी अनुरोध को खारिज कर सकता है। पीसीबी पहले ही ऐलान कर चुका है कि पीएसएल यूएई में होगा। सूत्र ने इसके लिये सुरक्षा कारणों का हवाला दिया है।

# समाज्ञा व्यापार

## सीतारमण ने बैंकों से तनाव के बीच निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करने को कहा



**नयी दिल्ली:** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को बैंकों से सतर्क रहने और ग्राहकों के लिए निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाने को कहा। साइबर सुरक्षा तैयारियों पर बैंकों और बीमा कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों की बैठक में वित्त मंत्री ने चुनौतीपूर्ण समय में आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने में बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेवाएं बिना किसी व्यवधान और गड़बड़ियों के काम करनी चाहिए। इसमें बैंकों की शाखाएं और डिजिटल बैंक दोनों शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए बैंकों को आपातकालीन प्रोटोकॉल को उन्नत करने के साथ उसका परीक्षण करना चाहिए। वित्त मंत्री ने बैंकों को सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूद शाखाओं में कार्यरत बैंक कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को भी कहा।

## भारत-पाक तनाव बढ़ने से सेंसेक्स, निफ्टी में एक प्रतिशत की गिरावट

❒ गिरावट से दो दिन में निवेशकों के सात लाख करोड़ रुपये डूबे



**मुंबई:** भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव बढ़ने और व्यापक संघर्ष की आशंका से प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स पिछले दिन की गिरावट को जारी रखते हुए 880.34 अंक यानी 1.10 प्रतिशत गिरकर 79,454.47 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,522 शेयरों में गिरावट आई, 1,343 में तेजी आई और 145 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 265.80 अंक यानी 1.10 प्रतिशत गिरकर 24,008 अंक पर बंद हुआ। भारत ने बृहस्पतिवार रात को जम्मू और पठानकोट सहित विभिन्न सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने के पाकिस्तान के प्रयासों को विफल कर दिया। इससे पहले भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए थे। यह कार्रवाई पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत के जवाब में की गई। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, संघर्ष की आशंका थी, लेकिन बाजार को स्थिति के और गंभीर होने का अनुमान नहीं था, जिससे इसकी समय को लेकर चिंता बढ़ गई। हालांकि, रणनीतिक लाभ और प्रतिद्वंद्वी की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए, यह अभी भी एक अल्पकालिक टकराव होने का अनुमान है। उन्होंने कहा, दिलचस्प बात यह है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार तक भारतीय बाजार में निवेश करना जारी रखा, जबकि खुदरा निवेशक इस समय थोड़े सतर्क हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। सीमा पर तनाव गहराने के बीच साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 1,047.52 अंक यानी 1.30 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी में 338.7 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च ने कहा, प्रमुख सूचकांकों ने नौ मई को लगातार दूसरे सत्र में गिरावट जारी रखी, क्योंकि भू-राजनीतिक तनाव ने अन्य सकारात्मक वैश्विक संकेतों को फीका कर दिया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट आना जोखिम लेने से परहेज करने की धारणा को दर्शाता है।

## न्यूज अपडेट

### रुपया 22 पैसे मजबूत होकर 85.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ

**मुंबई:** विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपने शुरुआती नुकसान से उबरकर 22 पैसे की तेजी के साथ 85.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप के कारण रुपये को अत्यधिक हानि की स्थिति से उबरने में मदद मिली। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सशस्त्र संघर्ष के कारण रुपया कमजोर रुख के साथ खुला, हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक ने बड़ी कमजोरी को रोकने के लिए कारोबार में हस्तक्षेप किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.88 पर खुला और डॉलर के मुकाबले 84.32 के दिन के उच्चतम स्तर और 85.88 के निचले स्तर के बीच घूमता रहा। कारोबार के अंत में रुपया 85.36 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो अपने पिछले बंद स्तर से 22 पैसे की बढ़त को दर्शाता है। रुपये में बृहस्पतिवार को ढाई साल से अधिक समय की सबसे बड़ी एक दिवसीय गिरावट देखी गई और यह डॉलर के मुकाबले 81 पैसे की गिरावट के साथ 85.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो अरब डॉलर घटकर 686 अरब डॉलर पर

**मुंबई:** देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो मई को समाप्त सप्ताह में 2.06 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर बढ़कर 688.13 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, दो मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 51.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 581.18 अरब डॉलर हो गईं।

### एटीएम में पर्याप्त नकदी मौजूद, डिजिटल सेवाएं सुचारू ढंग से चालू: एसबीआई, अन्य बैंक

**नयी दिल्ली:** भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक समेत कई अन्य बैंकों ने शुक्रवार को कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं, उनमें पर्याप्त नकदी है और डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। सोशल मीडिया पर आई उन खबरों की पृष्ठभूमि में यह बयान जारी किया गया जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच आने वाले दिन में एटीएम बंद हो सकते हैं। बैंकों ने यह भी कहा कि उनकी सभी डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। भारत के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, हमारे सभी एटीएम, सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं और जनता के लिए उपलब्ध हैं। एसबीआई ने अपने ग्राहकों को सत्यापित न की गई सूचना पर भरोसा न करने की सलाह भी दी।

### भारत ने चीन, वियतनाम से आयातित विशिष्ट सौर ग्लास पर पांच वर्ष के लिए डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया

**नयी दिल्ली:** भारत ने चीन और वियतनाम से आयात होने वाले विशिष्ट सौर ग्लास पर पांच साल के लिए 664 डॉलर प्रति टन का डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है, ताकि घरेलू विनिर्माताओं को इन दोनों देशों से हो रहे सस्ते आयात से बचाया जा सके। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने चीन और वियतनाम से 'टेक्सचर्ड टफन्ड (टेम्पर्ड) परत वाले और बिना परत वाले ग्लास' की डंपिंग पर विस्तृत जांच करने के बाद इसकी सिफारिश की थी, जिसके बाद यह शुल्क लगाया गया। आमतौर पर सौर पैनलों में उपयोग किए जाने वाले इन ग्लासों को सौर ग्लास, लो आयरन सौर ग्लास, सौर पीवी ग्लास, उच्च पारेषण पीवी (फोटोवोल्टिक) ग्लास और टेम्पर्ड लो आयरन पैटर्न्ड सौर ग्लास भी कहा जाता है। इसने निष्कर्ष निकाला है कि इन देशों से ग्लास के डंप किए गए आयात की मात्रा में निरपेक्ष और सापेक्ष रूप से पर्याप्त वृद्धि हुई है।

## मर्सिडीज दो चरणों में अपने मॉडलों के दाम तीन प्रतिशत तक बढ़ाएगी




**नयी दिल्ली:** लक्जरी वाहन कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया इस साल दो चरणों में अपने मॉडलों की शोरूम कीमतों में 90,000 रुपये से लेकर 12.2 लाख रुपये तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी विदेशी मुद्रा विनिमय की दरों में उतार-चढ़ाव के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए कीमतों में यह बढ़ोतरी करने जा रही है। जून और सितंबर में होने वाली मूल्य वृद्धि के बाद मर्सिडीज के सी-क्लास मॉडल की कीमत में 90,000 रुपये की वृद्धि होगी जबकि मर्सिडीज- मेबैक एस 680 मॉडल के दाम 12.2 लाख रुपये तक बढ़ जाएंगे। मर्सिडीज ने इस साल एक जून से इस मॉडल की कीमतों में लगभग एक-दो प्रतिशत और एक सितंबर से 1.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की योजना बनाई है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष अय्यर ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि दो चरण में होने वाली मूल्य वृद्धि खरीदारों पर वित्तीय प्रभाव को कम करने के लिए की जाएगी। दो चरणों में कुल मिलाकर करीब तीन प्रतिशत दाम बढ़ाने की योजना है।

## एलआईसी ने व्हाट्सएप बॉट के जरिए प्रीमियम भुगतान की ऑनलाइन सुविधा शुरू की

**नयी दिल्ली:** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने डिजिटल परिवर्तन और ग्राहक सुविधा पहलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए शुक्रवार को 'व्हाट्सएप बॉट' के जरिए प्रीमियम भुगतान की ऑनलाइन सुविधा का अनावरण किया। एलआईसी ने एक बयान में कहा कि यह विकल्प एलआईसी ग्राहकों को प्रीमियम का ऑनलाइन भुगतान करने का एक और विकल्प प्रदान करेगा। पंजीकृत ग्राहक पोर्टल उपयोगकर्ता व्हाट्सएप नंबर 8976862090 का उपयोग करके भुगतान के लिए देय पॉलिसियों का पता लगा सकते हैं और व्हाट्सएप बॉट के भीतर यूपीआई/नेटबैंकिंग/कार्ड के माध्यम से सीधे भुगतान कर सकते हैं। इसमें कहा गया है कि प्रीमियम के लिए देय पॉलिसियों की पहचान करने से लेकर भुगतान और रसीद बनाने तक का पूरा ग्राहकों का सफर व्हाट्सएप बॉट के भीतर होता है। इस अवसर पर बोलते हुए, एलआईसी ऑफ इंडिया के सीईओ और एमडी, सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि यह विकल्प ग्राहकों के लिए परिचालन को आसान बनायेगा और वे किसी भी स्थान, किसी भी समय व्हाट्सएप माध्यम के जरिये अपने प्रीमियम का भुगतान कर पायेंगे। उन्होंने कहा कि यह विकल्प एलआईसी के ग्राहकों को बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करते हुए दक्षता और उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेगा। एलआईसी के ग्राहक पोर्टल पर 2.2 करोड़ से अधिक पंजीकृत पॉलिसीधारक हैं, जिनमें से तीन लाख से अधिक ग्राहक विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए हर दिन लॉग इन करते हैं।

## ट्रंप ने चीन पर शुल्क को घटाकर 80 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा



**वाशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर लगे ऊंचे सीमा शुल्क को घटाकर 80 प्रतिशत करने का शुक्रवार को प्रस्ताव रखा। इसे दोनों देशों के बीच छिड़े व्यापार युद्ध को शांत करने वाले कदम के रूप में देखा जा रहा है। दोनों देशों के बीच सप्ताहांत में होने वाली बैठक से पहले शुल्क में कटौती का यह कदम उठाया गया है। ट्रंप ने शुक्रवार की सुबह अपने सोशल मीडिया खाते पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'चीन पर 80 प्रतिशत का सीमा शुल्क सही लगता है!' उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर जिनेवा में चीन के अपने समकक्षों से मिलेंगे। अमेरिकी के शीर्ष अधिकारी इस सप्ताह के अंत में चीन के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक करने वाले हैं। व्यापार युद्ध शुरू होने के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली बड़ी वार्ता होगी।

**वर्ष 10, पूर्णांक 4231 अंक 041, RNI No WBHIN/2016/66788,** सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in